इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -183 राजनांदगांव, मंगलवार 21 मई 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

कवर्धा में भीषण सड़क हादसा; 30 फीट गहरी खाई में गिरा वाहन, 19 की मौत, पीएम-सीएम ने जताया दुख

कबीरधाम(दावा)। कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक के तहत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपनी में आज दोपहर करीब 12 बजे पिकअप वाहन 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। जिसमें से 19 लोगों की मौत हो गई। कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक तहत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपनी में आज दोपहर करीब 12 बजे पिकअप वाहन 30 फीट गहरी खाई में गिर गया। जिसमें से 19 लोगों की मौत की हो गई। पिकअप में करीब 25 से अधिक लोग सवार थे।

कुकदूर थाने से मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप में बैठे लोग ग्राम सेमहारा (कुई) के रहने वाले हैं, जो कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। जिस सड़क में यह हादसा हुआ है वह प्रधानमंत्री सड़क में आती है। ये कुई से होते हुए नेऊर और रुकमीदादर को जोड़ती है। इसके बाद मध्यप्रदेश शुरू हो जाता है। घटना स्थल सुदुर वनांचल व पहाड़ी क्षेत्र में आता है। यहां पर मोबाइल नेटवर्क भी काम नहीं करता है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

एक ही गांव में एक साथ जलेंगी 19 लाशें

हादसे में 17 महिलाओं सहित 18 की मौत, 4 गंभीर

हादसे में 17 महिलाओं और एक पुरुष की मौत की एसपी अभिषेक पल्लव ने पुष्टि की है। ये लोग आज तीसरे दिन तेंदूपत्ता की तोड़ई करने गए थे। गांव का ही पिकअप वाहन था। वहीं चार लोग घायल हैं जिनमें तीन महिला और एक पुरुष शामिल है।

हादसे पर राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने जताया शोक

हादसे पर दुख जताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में हुई सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक-संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।

हेलिकॉप्टर क्रैश के 15 घंटे बाद मिला रईसी का शव-रातभर लोग ईरानी राष्ट्रपति की सलामती के लिए दुआएं करते रहे

तेहरान। ईरान के 63 साल के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलिकॉप्टर हादसे में निधन हो गया। उनके साथ हेलिकॉप्टर में विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन समेत 9 लोग सवार थे। सभी मारे गए। रईसी के बेल 212 हेलिकॉप्टर ने अजरबैजान से 19 मई की शाम 5 बजे ईरान के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन 2 घंटे बाद इससे संपर्क टूट गया। बाद में अजरबैजान और ईरान के बॉर्डर के पास वरजेघन के घने जंगल में इसके क्रैश होने की खबर सामने आई। भारी बारिश और कोहरे की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत हुई और करीब 15 घंटे बाद उनकी मौत की पुष्टि हुई।

रईसी के हेलिकॉप्टर के लापता होने के 15 घंटे बाद मौत की पुष्टि

रईसी के हेलिकॉप्टर के लापता होने की खबर 19 मई की शाम को 7 बजे आई। इस दौरान हेलिकॉप्टर का एटीएस से संपर्क टूट गया। ईरानी मीडिया के मुताबिक हादसा शाम 7.30 बजे हुआ। खबर मिलते ही 9 बजे भारी बारिश और कोहरे के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दुखी

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इब्राहिम रईसी के बीच ट्यूनिंग काफी अच्छी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है।' इब्राहिम रईसी ने ईरान की सत्ता 2021 में उस समय संभाली थी, जब उनके सामने घरेलू स्तर पर तमाम चुनौतियां थीं। इब्राहिम रईसी को ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातोल्लाह खामनेई का काफी नजदीकी माना जाता था और कहा ये भी जाता है कि रईसी को खामनेई के उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जा रहा था।

कनाडा, अमेरिका और अरब समेत कई देशों से आप ने ली करोड़ों की अवैध फंडिंग, ईडी ने गृहमंत्रालय को भेजी रिपोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाले में आरोपों का सामना कर रहे सूबे के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। ईडी रोज नए-नए खुलासे कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बताया जा रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को अपनी एक रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को दी है जिसमें बताया गया है कि साल 2014 से 2022 के बीच आम आदमी पार्टी ने करीब 7.08 करोड़ रुपये के विदेशी फंड हासिल किए हैं। ईडी ने गृह मंत्रालय को बताया है कि आप ने यह फंड हासिल कर FCRA, RPA और IPC का उल्लंघन किया है।

कनाडा, अमेरीका, अरब समेत इन देशों से हासिल की अवैध फंडिंग

गृह मंत्रालय को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि आप ने यूएस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सउदी अरब, यूएई, कुवैत और ओमान से फंड हासिल किया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि पार्टी ने दानदाताओं की पहचान को छिपाया, पहचान से छेड़खानी की गई और दान की कीमत को गलत घोषित किया गया है।

ईडी ने गृह मंत्रालय को दी अहम जानकारियां

बताया जा रहा है कि ईडी ने अपनी जांच के बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय को सबकुछ बताया है। इसमें दानदाताओं के नाम के साथ उनका विवरण, दानदाता का देश, पासपोर्ट नंबर, कुल रकम, डोनेशन की प्रक्रिया और रकम हासिल करने वाले का बैंक खाता भी शामिल है। इसके अलावा बिलिंग नेम, बिल का पता, बिल पर मौजूद टेलिफोन नंबर, बिलिंग ईमेल, पैसे भेजने का समय, फंड देने की तारीख और पेमेंट का तरीका इत्यादि शामिल है। ईडी ने मंत्रालय को बताया है कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले की जांच के दौरान उसे यह सभी जानकारियां मिली हैं।

ईडी के मुताबिक, विदेश में रहने वाले 155 लोगों ने 404 मौकों पर 55 पासपोर्ट नंबरों का इस्तेमाल कर कुल 1.02 करोड़ रुपये डोनेट किए। इसके अलावा 71 दानदाताओं ने 256 मौकों पर 21 मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर कुल 99.90 लाख रुपए आम आदमी पार्टी को डोनेट किए। इसी तरह विदेश में रहने वाले 75 डोनरों ने 15 क्रेडिट कार्डों का इस्तेमाल कर 148 मौकों पर 19.92 लाख डोनेट किए। ईडी ने कहा है कि कनाडा में रहने वाले 19 लोगों के ईमेल आईडी और मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर 51.15 लाख रुपये 'आप' को डोनेट किए गए हैं।

कुमार विश्वास का भी नाम

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जांच एजेंसी ने दावा किया है कि यह जानकारी उसे 'आप' वॉलेन्टियर्स और कार्यकर्ताओं के बीच हुए ईमेल *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

जम्मू-कश्मीर के लोगों ने बताया मतदान का महत्व, बंपर वोटिंग कर तोड़ा 40 सालों का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। लोकतंत्र के महापर्व में जम्मू-कश्मीर के लोगों की बड़ी भागीदारी न सिर्फ लोकतंत्र के प्रति उनकी मजबूत आस्था का संदेश है बल्कि मतदान को लेकर निष्क्रियता दिखाने वाले देश के दूसरे हिस्सों में रहने वाले लोगों को सीख देने वाली है।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश की 49 सीटों के लिए सोमवार को वैसे तो शाम छह बजे औसतन 57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। लेकिन इनमें सबसे चौंकाने वाला मतदान जम्मू-कश्मीर के बारामुला संसदीय सीट पर देखने को मिला।

इन राज्यों में हुआ सबसे अधिक मतदान

जहां 40 सालों के सारे रिकार्ड को तोड़ते हुए 54 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने हिस्सा लिया है। लद्दाख में भी मतदाताओं ने इस पर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जहां 67 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। पांचवें चरण में शाम छह बजे तक जिन राज्यों में सबसे अधिक मतदान हुआ है, उनमें पश्चिम बंगाल में 73 प्रतिशत, झारखंड में 63 प्रतिशत, ओडिशा में 61 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में करीब 58 प्रतिशत, बिहार में करीब 53 प्रतिशत व महाराष्ट्र में करीब 49 प्रतिशत मतदान हुआ है। 49 सीटों के लिए हुए मतदान में एक सीट जम्मू-कश्मीर की है जहां बारामूला में मतदान हुआ है।

लोकसभा की इन सीटों पर हुआ मतदान

वहीं एक सीट लद्दाख की भी है। इसके साथ ही लोकसभा की जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, महाराष्ट्र की 13 सीटों और ओडिशा की पांच सीटें शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट पर इससे पहले 1984 में इतने बड़े पैमाने पर मतदान हुआ था। मतदान का यह रुझान बारामुला में आने वाले क्षेत्रों जैसे हंदवारा, गुलगर्म, कुपवाड़ा, लोलाब व उरी में भी बड़े पैमाने पर देखने को मिला है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर आज आएगा निर्णय

नई दिल्ली। आबकारी नीति घोटाला से जुड़े भ्रष्टाचार व मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले नियमित जमानत की मांग वाली पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट मंगलवार को सुनाएगा। फैसला न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ शाम पांच बजे सुनाएगी। सीबीआई व ईडी के साथ ही सिसोदिया की लंबी जिरह सुनने के बाद अदालत ने 14 मई को निर्णय सुरक्षित रख लिया था।

एक तरफ जहां ईडी ने यह कहते हुए याचिका का विरोध किया था कि आने वाले दिनों में मामले में आम आदमी पार्टी (आप) व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया जाएगा। इसके बाद ईडी ने हाल ही में निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर आप व केजरीवाल को आरोपित भी बनाया है।

सिसोदिया जमानत के हकदार

इस पर अदालत 21 मई को संज्ञान ले सकती है। वहीं, दूसरी तरफ सिसोदिया की तरफ से पेश हुए अधिवक्ताओं ने विभिन्न तर्कों के आधार *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

कटनी के 'कुबेरों' के घर इनकम टैक्स का छापा, 150 करोड़ से ज्यादा की कैश सहित संपत्ति जब्त

कटनी। मध्यप्रदेश के कटनी जिले में चार दिनों से चल रही आयकर विभाग की कार्रवाई में अधिकारियों के हाथ मानो कुबेर का खजाना लगा है, जो करीब 150 करोड़ से अधिक का बताया जा रहा है। इसमें नकदी, सोना-चांदी, शेयर मार्किट के दस्तावेज सहित कई बेनामी संपत्ति के कागजात जो देश सहित विदेशों में खरीदी गई है।

कटनी के बड़े कारोबारियों में शुमार अनिल केवलानी और मनीष गेई के घर, ऑफिस, मील, मॉल सहित अन्य ठिकानों में गुरुवार सुबह से जारी किया था। जहां इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित रायपुर के 100 से अधिक आईटी अधिकारियों की टीम करीब 50 लग्ज़री गाड़ियों में सवार होकर कटनी पहुंचे थे। जिन्होंने जांच दौरान विदेश में खरीदी गई अनेक संपत्ति, देश भर में शेयर मार्केट में किया गया इन्वेस्टमेंट के कई अहम दस्तावेजों को जब्त किया है। इसके साथ ही आयकर विभाग को दोनों व्यापारियों के ठिकानों से सोना-चांदी, हीरे के जेवरात सहित बड़ी मात्रा में नकदी भी मिली है, जो करीब 150 करोड़ से अधिक की बताई जा रही है।

इनकम टैक्स की टीम लंबे वक्त से दोनों ही व्यापारियों पर नजर बनाए रखे हुए थी, जो मौका मिलते ही दोनों ही व्यापारियों के दर्जनों ठिकानों पर दबिश देते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया है। सूत्रों के मुताबिक, कटनी में चल रही कार्रवाई का संबंध पंजाब के किसी बड़े संस्था से जोड़कर देखा जा रहा है।

वहीं, दोनों व्यापारियों का कारोबार मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में फैला हुआ है। एक तरफ जहां अनिल केलवानी का कारोबार मैदा, दाल, राइस मिल सहित अन्य कारोबार है। तो मनीष गेई होटल, मॉल, दाल मील और भी कई बड़े कारोबार करते हैं, जिनके माधवनगर स्थित घर, ऑफिस और अन्य स्थानों पर जांच दौरान *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

'हमें धमकियां देना बंद करें चीन', ताइवान के राष्ट्रपति ने ड्रैगन को सुनाई खरी-खरी

रायटर, ताइपे। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने सोमवार को अपने भाषण में कहा कि चीन हमें धमकियां देना और डराना बंद करें। शांति ही एकमात्र विकल्प है और बीजिंग को ताइवान के लोगों की पसंद का सम्मान करना होगा।

उन्होंने कहा कि चीन, ताइवान के साथ वैश्विक जिम्मेदारी लेते हुए ताइवान स्ट्रेट और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए मेहनत करे। हम दुनिया को यह भी बताना चाहते हैं कि शांति और स्थिरता के लिए समृद्धि हमारा लक्ष्य है। इसे लेकर चीन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। लाई ने कहा कि प्यारे देशवाशियों हमारे पास शांति कायम करने का आदर्श है, लेकिन हमें भ्रमित नहीं होना चाहिए। यह समझना चाहिए कि भले ही हम चीन के सभी दावों को स्वीकार कर लें और अपनी संप्रभुता छोड़ दें, ताइवान पर कब्जा करने की चीन की महत्वाकांक्षा खत्म नहीं होगी। इस बीच, पिछले 24 घंटों में चीनी ताइवान के आस-पास चीनी गतिविधियों का पता चला है। छह चीनी विमानों और सात जहाज की उपस्थिति का पता चला है। इस दौरान चीनी विमानों ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया है।

चीन ने बोइंग सहित तीन अमेरिकी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ताइवान को हथियार बेचने के लिए बोइंग और दो अन्य रक्षा कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। यह कदम बीजिंग द्वारा हाल के वर्षों में ताइवान को हथियारों की बिक्री के लिए रक्षा कंपनियों के खिलाफ घोषित प्रतिबंधों की श्रृंखला में नवीनतम है।

30 जून तक स्कूल बंद, भीषण गर्मी के चलते लिया गया फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली से लेकर यूपी-बिहार तक प्रचंड गर्मी पड़ रही है। चिलचिलाती गर्मी ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में जीना मुहाल कर दिया है। भयंकर गर्मी से दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और आसपास के इलाकों में भी लोग काफी परेशान हैं। बिहार-यूपी और दिल्ली में लू जैसे हालात हैं और तापमान हर दिन एक नया रिकॉर्ड बना रहा है। आईएमडी के मुताबिक, राष्टीय राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, पंजाब और बिहार में आने वाले दिनों में तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

मौसम विभाग के मुताबिक गले कुछ दिनों तक राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में लू का प्रकोप जारी रहेगा और भीषण गर्मी से लोग परेशान होते रहेंगे। वहीं, कुछ राज्य जैसे तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश की संभावना व्यक्त की है।

दिल्ली-पंजाब में स्कूल बंद

दिल्ली सरकार ने 20 मई (सोमवार) को सभी प्राइवेट स्कूलों को 30 जून तक कक्षाएं बंद रखने का आदेश दिया है। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए तत्काल प्रभाव से आदेश का पालन करने के लिए कहा गया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के बाद इस बार गर्मी की छुट्टियां 10 दिन पहले ही शुरू हो रही हैं। अब छात्रों को स्कूल सीधे जुलाई महीने में लौटना होगा। दिल्ली में लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण सरकार ने फैसला लिया है। सरकारी आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों के प्रमुखों के निर्देशित किया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में समर वेकेशन 11 मई से लेकर 30 जून तक रहेगा।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के सभी स्कूलों में 21 मई से 30 जून तक छुट्टियों की घोषणा की है। कुछ दिनों पहले पंजाब सरकार ने स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश दिया था। हालांकि, मौसम में अचानक बदलाव और हीटवेव के अलर्ट के कारण स्कूलों को तुरंत बंद करने का निर्णय लिया गया। तेज धूप और अत्यधिक गर्मी में बच्चों की सेहत को खतरा हो सकता था, इसी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान 57.47 प्रतिशत

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू के बीच सोमवार को आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर औसतन 57.47 प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चला मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। पांचवें चरण में ओडिशा विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर भी मतदान कराया गया, जिसमें इन सीटों के 60.70 प्रतिशत मतदाताओं ने भाग लिया। आयोग द्वारा रात साढ़े सात बजे जारी आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण में पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर सर्वाधिक 73.00 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि सबसे धीमा मतदान महाराष्ट्र में हुआ, जहां मत प्रतिशत 49.01 है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मतदान कुल मिलाकर शांति पूर्ण रहा।

इस चरण में बिहार की कुल 40 सीटों में कुल पांच सीटों के लिये मतदान में 52.60 प्रतिशत वोट डाले गये। झारखंड में 14 में तीन सीटों पर कराये गये मतदान में 63.00 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र की कुल 48 में से 13 सीटों पर 49.01 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ओडिशा में आज लोकसभा की 21 में से पांच सीटों पर मतदान कराया, जहां 60.72 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

उत्तर प्रदेश की 80 में से जिन 14 सीटों पर आज वोट डाले गये, उनमें मत प्रतिशत 57.79 रहा। जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों में से आज बारामुला सीट पर मतदान कराया गया, जहां केन्द्र शासित प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी के अनुसार 1984 के बाद सर्वाधिक 59.00 प्रतिशत मत पड़े। लद्दाख की एक मात्र सीट पर 67.01 प्रतिशत दर्ज किया गया।

इस तरह इन 49 सीटों पर 695 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज हो गया है। पांचवें चरण में लोकसभा चुनाव लड़ रहे, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश.... मतदान प्रतिशत

बिहार	- 52.69
जम्मू-कश्मीर	- 59.00
झारखंड	- 63.00
लद्दाख	- 67.15
महाराष्ट्र	- 49.04
ओडिशा	- 60.72
उत्तर प्रदेश	- 57.79
पश्चिम बंगाल	- 73.00

शिवनाथ में आज पहुचेगा मोंगरा बांध का पानी

एक हजार एमसीएफटी पानी नदी में आने से शहर में नहीं होगी पानी की किल्लत

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के दिनों में शहर में उत्पन्न पानी की किल्लत को देखते हुए नगर-निगम द्वारा मोंगरा बैराज से एक हजार एमसीएफटी पानी लाया जा रहा है। 15 मई से मोंगरा बैराज से छोड़ा गया पानी राजनांदगांव के मोहारा नदी में आने के लिए देरी लग रही है। बताया जाता है कि शहर से 10-15 कि.मी. दूर ग्राम रातापायली तक बैराज का पानी पहुंच गया है। बता दे कि अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के मोंगरा बाध से आने वाला पानी 80 कि.मी. की सफर कर तथा बीच में पड़ने वाले एनीकट को भरते हुए राजनांदगांव के मोहारा एनीकट तक पहुंचता है। चूंकि अभी भीषण गर्मी के चलते नदी सुखे हुए है। इसलिए मोंगरा बैराज से छोड़े गए पानी का कुछ हिस्सा नदी की जमीन भी सोख ले रहा है। ऐसे-वैसे करते हुए बैराज का पानी राजनांदगांव की नदी में पहुंच रहा है। बताया जाता है कि आज मंगलवार तक नदी में पानी पहुंच जाएगा। इससे कम से कम गर्मी के दिनों तक पानी की किल्लत नहीं रहेगी।

4 करोड़ लीटर खप रहा पानी

बता दे कि भीषण गर्मी के चलते शिवनाथ नदी का पानी सूखते जा रहा है। एनीकट में मात्र 34 इंच पानी शेष रह गया था।

इसे देखते हुए मोंगरा बैराज से एक हजार एमसीएफटी पानी की मांग की गई। बताते चले कि शहर में रोजाना 4 करोड़ लीटर पानी की खपत होती है। 40 हजार से अधिक नलों के अलावा टैंकरों के माध्यम से वार्डवासियों को जलापूर्ति कराई जाती है। गर्मी के दिनों में पानी की खपत बढ़ जाने से हर साल नजदीक के मटिया मोती नाला व मोंगरा बांध से पानी मंगाया जाता है। नगर निगम की मांग पर 15 मई को मोंगरा बैराज के गेट खोल कर एक हजार एमसीएफटी पानी छोड़ा गया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आज मंगलवार तक शिवनाथ नदी में मोंगरा का पानी पहुंच जाएगा।


मानिटरिंग के लिए जुटा जल संसाधन विभाग व निगम का अमला

मानिटरिंग के लिए जुटा विभाग

भीषण गर्मी के चलते खेत, कुएं, तालाब भी प्यासे है। मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने से पानी चोरी न हो जाए इसलिए ऐरिकेशन विभाग के लोग लगे हुए है और नदी में पड़ने वाले एनीकट के भरने तक छोड़े गए पानी पर नजर बनाए हुए है। इधर शहर के वार्डों में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम आयुक्त ने वार्ड वार अधिकारियों की बैठक लेकर जलापूर्ति सम्बंधी निर्देश दिए है। मोहारा नदी में पानी आने के बाद शहर की सभी टंकिया पर्याप्त मात्रा में भरे जाने का विशेष ध्यान रखने व टंकी भरने के बाद ही पेयजल सप्लाई किए जाने के निर्देश दिए है। उप अभियंताओं को कहा गया है कि पानी की बरबादी रोकने प्रतिदिन नल आने के समय में अपने प्रभारित वार्डों का निरीक्षण करेंगे व कम पानी आने तथा गंदा पानी आने के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। लीकेज पाइप लाइन की शिकायत भी त्वरित निराकरण किए जाने की बात कही गई है। नगर निगम उप अभियंता यू.के. रामटेके ने बताया कि नदी में बैराज से पानी आने पर निगम क्षेत्र में मानिटरिंग के लिए नगर निगम कर्मचारियों की डयूटी लगा दी गई है।

जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित कार्यो और प्रयासों में लाएं तेजी- कलेक्टर

कलेक्टर ने भू-जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अधिकारियों की ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में भू-जल संरक्षण से जुड़े विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह बैठक में उपस्थित थी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जल संकट के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण व संवर्धन के प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कृषि विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से बड़े किसान समूह को धान के बदले अन्य फसलों के लाभ, पानी की बचत, व्यय में कमी तथा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के संबंध में जानकारी देने के लिए संगोष्ठी का आयोजन कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण के लिए व्यवहार परिवर्तन जैसे विषयों पर ग्राम पंचायतों और किसानों से चर्चा किया जाना अनिवार्य है ताकि वे जल स्तर की स्थिति और समय के महत्व को समझ सकें।

इस अवसर पर जिले में किये जा रहे जल संवर्धन संरक्षण के कार्यों के संबंध में विस्तृत प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ ग्राउंड वाटर बोर्ड के उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई। सीईओ सुश्री सिंह ने कहा कि जिले के सभी कार्य एजेंसियों के साथ आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कर जिले में नवीन तकनीक योजनाओं के संबंध में अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाए। जिला पंचायत एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के अधिकारियों के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें विज्ञान एवं तकनीकी परिषद के उच्च अधिकारियों को जिले में चल रहे जल संरक्षण संवर्धन की पद्धति से तैयार की गई कार्ययोजना एवं प्रयासों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सदस्यों द्वारा तकनीक को सही बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा जल्द ही जिले के क्षेत्र में चल रहे कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में निरीक्षण हेतु आमंत्रण स्वीकार किया। इस अवसर पर कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, मत्स्य, जिला पंचायत, जल संसाधन, नाबार्ड सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा जनपदों के अधिकारी उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

मजेदार खेलों के साथ समर कैम्प की शुरुआत

राजनांदगाँव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारींखुर्द, संकुल-भर्रेगाँव में 20 मई से समर कैम्प की शुरुआत की गई। पहले दिन बच्चों के साथ पालकों व शाला प्रबन्धन समिति के सदस्यों को भी समर कैम्प में आमंत्रित किया गया था।जिसमें सभी ने सहर्ष अपनी भागीदारी सुनिश्चित की; साथ ही समर कैंप को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बहुत लाभप्रद बताया।समर कैम्प के पहले दिन की शुरुआत पालकों, शिक्षकों व बच्चों ने मजेदार 'रिंग गेम' से की। जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच बुद्धेश्वर साहू, संस्था प्रमुख एस.के. सेवता, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति वैष्णव, उपाध्यक्ष हेमपुष्पा विश्वकर्मा, सदस्य रीना ठाकुर,पालक गजेन्द्र महार, सुनीता निषाद, पुनीता निषाद, शिक्षिका सुश्री पुष्पलता देवांगन व बच्चे उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए दो वर्षीय विशेष शिक्षा कोर्स, 14 जून तक नामांकन

राजनांदगांव (दावा)। समेकित क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त कोर्स अंतर्गत दो वर्षीय विशेष शिक्षा के लिए 14 जून 2024 तक नामांकन आमंत्रित किया गया है। दो वर्षीय विशेष शिक्षा कोर्स के माध्यम से दिव्यांगजनों में प्रेरक पैटर्न विकसित किया जाएगा। वहीं इनमें यथार्थवादी आत्म-संकल्पना विकसित की जाएगी। इसके अलावा स्कूल के विषयों में उनकी प्रभावशीलता को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा और पाठ्यचर्चा संबंधी तथ्यों को आगे बढ़ाने के लिए रणनीति निर्धारित की जाएगी। साथ ही दिव्यांग स्कूली बच्चों के मानसिक स्तर को बढ़ाने और शारीरिक स्वच्छता को बढ़ाने तथा दिव्यांगजनों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जायेगा। दिव्यांगजन दो वर्षीय विशेष शिक्षा कोर्स के माध्यम से समग्र शिक्षा, होम ट्यूटर्स, विशेष विद्यालय, नियमित व समावेशी विद्यालयों में अध्यापन, नियमित शिक्षक, शिक्षा देने वाले, उद्यमी, क्लिनिकल सेटअप में विशेष शिक्षक एवं विदेशों में आकर्षक शिक्षण में कैरियर बना सकते हैं।

श्रीमती सरोज मिश्रा का निधन

राजनांदगांव (दावा)। बांधाबाजार निवासी श्रीमती सरोज मिश्रा धर्मपत्नी पंडित महेश चंद्र मिश्रा, बांधाबाजार का आज अपरान्ह आकस्मिक निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। वे अपने पीछे मनोज, मनीष व मुकेश मिश्रा सहित नाती पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार 21 मई मंगलवार को पूर्वांह 11 बजे बांधा बाजार मुक्तिधाम में किया जायेगा।

छत्तीसगढ़ एवं जिले का प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। संगीत सम्राट के नाम से प्रारंभ होने वाले स्नातक संगीत महाविद्यालय चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली संस्था है। संस्कारधानी की सुधि गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों, कलाकारों मातृ शक्तियों की प्रेरणा से आज से चालीस वर्ष पूर्व इसकी स्थापना संगीत नृत्य के अनुठे आश्रय दाता राजा चक्रधर सिंह एवं उनके दरबारी नृत्याचार्य प्रो. कल्याण दास महन्त के नाम से स्थापित किया गया है।

बता दें कि चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र मध्य भारत की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस संस्था में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से पिछले पैतीस वर्षो से डिप्लोमा स्तर का शिक्षण कार्य किया जाता रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्रदेश की पुरानी संस्थान का उन्नयन के अंतर्गत वर्ष 2024-2025 से स्नातक की डिग्री बी.पी.ए. (बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट) प्रथम बैच सांकरा सोमनी में अपनी पांच एकड़ की सर्वसुविधायुक्त नवीन परिसर में प्रारंभ होने जा रहा है। चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र संस्कारधानी राजनांदगांव के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर के बहुतायात आयोजनों एवं विश्वस्तर के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कत्थक नृत्य गुरू पद्म विभूषण स्व. पं. बिरजू महाराज जी चार बार कत्थक नृत्य की कार्यशाला राजनांदगांव में लेकर छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे अधिक समय देकर इतिहास बनाये। इसके अतिरिक्त कत्थक केन्द्र नई दिल्ली का कत्थक उत्सव, राष्ट्रीय सप्तरंग संगीत समारोह, श्री कल्याण संगीत समारोह एवं कत्थक नृत्य कार्यशाला इसके अतिरिक्त विगत तीस वर्षो से प्रतिवर्ष संस्कार निःशुल्क कला शिविरों का ग्रामीण, किसान, गरीब, मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर इतिहास में अपना स्थान बनाया है।

संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह के प्रपौत्र राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह ने दी शुभकामनाएं

राजा देवेंद्र प्रताप ने दी शुभकामनाएं

पिछले दिनों संस्कारधानी में आगमन के अवसर पर नवनिर्वाचित राज्य सभा सांसद राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह जी एवं संगीत नृत्य के अनूठे आश्रयदाता रायगढ़ नरेश राजा चक्रधर सिंह महराज जी के प्रपौत्र राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह जी से सौजन्य मुलाकात कर संस्था के संस्थापक एवं पदम विभूषण पं.बिरजू महाराज जी और नृत्याचार्य प्रो. कल्याणदास महन्त के शिष्य डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने संस्था के कार्यो से अवगत कराया। राज्य सभा सांसद राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह जी ने अपनी शुभकामनाएं दी और चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र राजनांदगांव जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य में राजा चक्रधर सिंह जी के स्मृति में स्थापित प्रथम स्नातक संगीत महाविद्यालय 2024-2025 से बी.पी.ए. (बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट) की पढ़ाई प्रारंभ होने जा रहा है, इसके लिए इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ प्रशासन की प्रशंसा करते हुए राजनांदगाँववासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह जी ने दी। उपरोक्त जानकारी संस्था के तुषार सिन्हा ने दी।

भानपुरी में समर कैंप शुरु



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भानपुरी में छात्र-छात्राओं के लिए 20 मई से 31 मई तक समर केम्प का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री गेंद लाल सोनबोइर, हमीर चंद साहू, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ज्योति विनोद की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। पीटीआई सोमू प्रसन्ना के निर्देशन मे योगाभ्यास एवं जुंबा कराया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शीतल दास,निरेन्द्र नीलम साहू, हेमंत साहू एवं स्टॉफ आदि उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख ने अधिक संख्या मे छात्रों से भाग लेने कहा गया।

बाजार में आलू-प्याज के दाम बढ़े, टमाटर ने भी दिखाई रंगत

राजनांदगांव (दावा)। बाजार में महंगाई की मार इस कदर बढ़ रही है कि लोग कराह उठ रहे है। आलू-प्याज टमाटर जैसी दैनिक उपयोग की चीजों के दाम तेजी से बढ़ने लगे है।

इससे हरी सब्जी खाना आम लोगों के लिए मुश्किल होने लगा है। प्याज जहां 30 रूपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा है वही आलू 30 से 35 रूपए किलो तक जा पहुंचा है।

टमाटर इन दिनों 25 से 30 रूपए किलो बिकने लगा है। बताया जाता है कि इन दिनों लोकल बाड़ियों से सब्जी की आवक बहुत कम हो गई है। वही डीगर राज्यों से भी अन्य दिनों की तुलना में पर्याप्त सब्जियां नहीं आ रही इससे सब्जियों की कीमत में इजाफा देखी जा रही है।

अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, एक हाइवा एवं 2 जेसीबी किया जब्त

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशन में खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जालबांधा और पाण्डुका क्षेत्र में दबिश देकर सोमवार को विभागीय कार्रवाई में 2 प्रकरण दर्ज किए हैं।

इन मामलों में खनिज उत्खनन कर रहे 2 जेसीबी सहित परिवहन में लगे एक हाइवा को जब्त किया गया है। मामले खनिज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वाहनों को सम्बंधित क्षेत्र के थानों के सुपुर्द कर दिया गया है। खनिज अधिकारी बबलू पांडे ने बताया कि जालबांधा क्षेत्र में अवैध उत्खनन में लगे वाहन सीजी 08 ऐजे 9270, जेसीबी सीजी 08 ऐवाय 9543 और पाण्डुका क्षेत्र से जेसीबी सीजी 04 [illegible] 2541 की जब्ती बनाई है।

गौरतलब है कि जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रकरणों में प्रभावी रोकथाम हेतु खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत प्रावधान किए गए है। जिसमें खान और खनिज (विकास और विनियम) अधिनियम 1957 की धारा 4 (1) एवं धारा 4 (1 क) अनुसार इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अन्यथा कोई व्यक्ति किसी खनिज का उत्खनन परिवहन तथा भंडारण नहीं करेगा।

बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए जिला कार्यालय सहित तहसील कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

राजनांदगांव(दावा)। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते हुए बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में 1 जून 2024 से 15 अक्टूबर 2024 तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है।

नियंत्रण कक्ष 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-220557 है एवं राहत आयुक्त कार्यालय मंत्रालय नवा रायपुर का दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 फैक्स नंबर 0771-2223472 है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन अविध में भू-अभिलेख शाखा में स्थापित दूरभाष क्रमांक 07744-227028 पर भी आपात स्थिति की सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा जिला स्तर, तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना के साथ भौगोलिक स्थिति एवं प्रभारी अधिकारियों को भी नियुक्त की गई है। इसके तहत डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत शाखा श्रीमती सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका दूरभाष क्रमांक 9131015171 है। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष संयुक्त जिला कार्यालय भवन कलेक्टोरेट स्थित कक्ष क्रमांक 11 में स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 07744-220557 एवं 07744-227028 यह 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। कार्यालयीन अविध के लिए मोबाईल नंबर 9827904189 एवं 8839409627 में संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ में स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष क्रमांक 07823-232244 एवं मोबाईल नंबर 9589990655 है। इसके लिए प्रभारी अधिकारी तहसीलदार श्री मुकेश कुमार ठाकुर को नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नंबर 8085292061 है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय राजनांदगांव में स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नंबर 07744-225403, मोबाईल नंबर 9893648342, 9340414387 है। इसके लिए तहसीलदार श्री मनीष कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। इनका मोबाईल नंबर 9706349496 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय डोंगरगांव के लिए तहसीलदार श्री प्यारेलाल नाग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाईल नंबर 9406159948 है एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07745-271756 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय छुरिया के लिए तहसीलदार श्री विजय कुमार कोठारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाईल नंबर 9981956474 है एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07745-264400 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर के लिए प्रभारी तहसीलदार सुश्री आकांक्षा साहू को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाईल नंबर 9753020861 है एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07823-232244 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय कुमर्दा के लिए तहसीलदार श्री डीकेश्वर साहू को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाईल नंबर 9406351004 है एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07745-271756 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष तहसील कार्यालय घुमका के लिए तहसीलदार श्री सोनित मेरिया को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनका मोबाईल नंबर 9754888296 है एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 07744-225403 है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
अंतिम पांचवा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि
ता. 24 से
मोर छंइहा भुंईयां 2
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th May To 23th May 2024
silver SCREEN
Kingdom of The Planet of The Apes (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Srikanth - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) ✆ 8085600200

शुभांक
अनुमानित
बी. के
1-4-8
156-2 150-6
राजधानी
2-3-9
789-4 136-0
चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

तेन्दूपत्ता श्रमिकों को अभी तक नहीं मिले चरण पादुका... जंगलों में बना जानवरों का खतरा

तेन्दूपत्ता संग्राहकों की सुरक्षा के लिए सुविधा नहीं... हो रही मौतें

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले में पांच मई के आसपास से जंगलों से तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू हो गया है। इसमें 50 हजार से अधिक श्रमिक लगे हुए है। श्रमिक जंगल के अन्दर जा कर तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य करते है। लेकिन उन्हें जंगली जानवरों से सुरक्षा देने की कोई सुविधा नहीं है। वन विभाग द्वारा उन्हें केवल इक्के-दुक्के रूप में तेन्दूपत्ता तोड़ाई के लिए जंगल अंदर न जाने के लिए समझाईश देकर इतिश्री कर ले रहा है। जबकि तेन्दूपत्ता तोड़ने वाले श्रमिकों को जंगल के अन्दर जाने से खूखांर जानवरों से हर पल जान का खतरा बना हुआ है। दिक्कत की बात यह है कि अभी तक इन श्रमिकों को उनकी पैरो की सुरक्षा के लिए चरण पादुका तक नहीं दिए गए है जबकि राज्य सरकार द्वारा इनकी पारिश्रमिक बढ़ाने के साथ-साथ चरण पादुका देने की बात कही गई है।

बता दे कि जंगलों में कंटीली झाड़ियों के अलावा तेन्दूपत्ता श्रमिकों को जानवरों से हर पल जान का खतरा बना हुआ है। जंगली जानवर तेन्दूपत्ता श्रमिकों पर हमला कर मौत की घाट उतार दे रहे है। राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाले वन विभाग के औंधी क्षेत्र में तेन्दूपत्ता श्रमिक रामसिंग गावड़े की जंगली सुअर के हमले से मौत हो गई। इसके 4 दिन पहले एमएमसी जिले के हेरकुटम्ब निवासी शिवचरण कुंजाम पर जंगली सुअर ने हमला किया था। बालोद जिले में भी तेन्दूपत्ता श्रमिक पर जानवर के हमले से मौत होने की घटना सामने आई थी। आखिर वन-विभाग इन तेन्दूपत्ता श्रमिकों की सुरक्षा का इंतजाम क्यों नहीं करती। सिर्फ जंगल में इक्का-दुक्का न जाने की समझाइश व घटना के होने पर मुआवजा देकर हाथ खींच लिया जाता है।

नहीं मिले चरण पादुका

तेन्दू पत्ता श्रमिकों को जंगल के अन्दर पत्ता तोड़ाई के लिए जाने पर न केवल जान का खतरा रहता है। कटीली झाड़ियों का भी खतरा रहता है। पांव में नूकीले कांटे व लकड़िया चुभ जाती है।

इससे बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा इन्हें चरण पादुका दिए जाने की बात कही गई थी। किन्तु अब तेन्दूपत्ता तोड़ाई का काम आखिरी होने जा रहा है लेकिन राज्य सरकार की ओर से तेन्दूपत्ता श्रमिकों को चरण पादुका देने का कोई निर्देश नहीं आया है।

तेन्दूपत्ता श्रमिक केवल प्रति मानक बोरा साढ़े पांच हजार रूपए बढ़ाए जाने से ही खुशी महसूस कर रहे है लेकिन इसमें भी जान का खतरा अलग बना हुआ है। जो उन्हें प्रायः तेन्दूपत्ता तोड़ाई के लिए जंगल अन्दर जाने से होता है। तेन्दूपत्ता तोड़ाई के लिए श्रमिकों को जान हथेली पर लेकर जंगल के अन्दर जाना मजबूरी हो गई है।

80 प्रतिशत हो चुकी तोड़ाई

मिली जानकारी के अनुसार एक मई से जारी तेन्दूपत्ता तोड़ाई कार्य के चलते अभी तक 80 प्रतिशत तोड़ाई कार्य हो चुका है। जिले के वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, औंधी के अलावा डोंगरगांव, छुरिया, दर्री, डोंगरगढ़, बागनदी सहित राजनांदगांव के वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिले में इस वर्ष 80 हजार 800 मानक बोरा तेन्दूपत्ता तोड़ाई का लक्ष्य रखा गया है। 51 समितियों के माध्यम से चल रहे तेन्दूपत्ता तोड़ाई कार्य में 65000 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण कर लिया गया है। तेन्दूपत्ता तोड़ाई का कार्य 25 मई तक जारी रहेगा। इसके बाद 15 जून मानसून आने के पहले भंडारण का कार्य कर लिया जाएगा। तेन्दूपत्ता प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि जिले में समय सीमा के पहले ही तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्य कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि तेन्दूपत्ता श्रमिकों को दिए जाने वाले चरणपादुकों के लिए शासन से कोई निर्देश नहीं आया है। इससे लगता है कि इस साल तेन्दूपत्ता श्रमिकों को चरण पादुका नहीं मिल पाएगी।

तेन्दूपत्ता श्रमिक की पुत्री ने फांसी लगाई

राजनांदगांव (दावा)। तेन्दूपत्ता तोड़ने गए घर वालों की अनुपस्थिति में 9 वीं कक्षा की छात्रा तानिया ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना रविवार सुबह 11 से 12 के बीच की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार औंधी थाना क्षेत्र के डोंगरगांव निवासी छात्रा तनिषा पिता कृपाराम कचलाम जब उनके घर वाले तेन्दूपत्ता तोड़ाई करने सुबह से ही जंगल गए थे। इस दरमियान अज्ञात कारणों से 9 वीं की छात्रा तानिया ने उक्त घटना को अंजाम दिया। दोपहर में उसका छोटा भाई। घर आकर देखा तो तानिया फांसी के फंदे पर लटकी मिली। इसकी जानकारी परिजनों को दिए जाने उपरांत पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

5.63 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त

अवैध मदिरा विक्रेताओं व परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान जारी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम दामाबंजारी से कल्लूबंजारी मार्ग में ग्राम बेलरगोंदी निवासी रूपेश कुमार चंद्रवंशी के कब्जे से 7 बॉटल हाइवर्डस बीयर, 6 पाव देशी दारू संत्री महाराष्ट्र कुल मात्रा 5.63 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन बजाज प्लेटिना 110 क्रमांक सीजी 08 एएन 7783 पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह तथा निजाम शाह ठाकुर, श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में अवैध मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन की सूचना सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती कुसुमलता जोल्हे के मोबाईल नंबर 9131908585, आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह के मोबाईल नंबर 9770257021, आबकारी उपनिरीक्षक श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन के मोबाईल नंबर 8103048921 एवं आबकारी उप निरीक्षक उज्वल सूत्रधर के मोबाईल नंबर 9893837428 पर दिया जा सकता है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

कलेक्टर ने बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आगामी मानसून 2024 में बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन हेतु एक्शन प्लान तैयार करने और सभी तथ्यों को समय सीमा में दुरूस्त करने कहा है। सभी वर्षामापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा है। जिन तहसीलों में वर्षामापी यंत्र नहीं लग पाए है, वहां तत्काल वर्षामापी यंत्र स्थापित करने निर्देशित किया है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करने कहा है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष 1 जून 2024 से 24 घंटा कार्य कार्य किया जाएगा। पहुंचविहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होगा, वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाईयां इत्यादि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराने कहा है। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुओं, हैण्डपम्प इत्यादि के लिए ब्लीचिंग पावडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। प्रतिवर्ष बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की पहचान करने एवं इन क्षेत्रों में सतत निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था करने तथा आवश्यकता पडने़ पर बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उनके ठहरने के लिए कैम्प इत्यादि की सम्पूर्ण योजना तैयार करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने बाढ़ से बचाव संबंधी उपकरणों को दुरूस्त कराकर तुरंत उपयोग हेतु तैयार करने कहा है। जिले में उपलब्ध मोटर बोट्स की जानकारी राहत आयुक्त कार्यालय को भेजने कहा है तथा आवश्यकतानुसार मांग आने पर मोटर बोट्स तथा प्रशिक्षित जवानों को तुरंत रवाना किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति प्रायः नाले व नालियों के अवरूद्ध हो जाने के कारण होती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शहर के सभी नालियों की निरंतर सफाई कराने कहा है। शहरों के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डायविंग पंपों की स्थापना करने एवं विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में भवन व घरों की गैर आरआरसी छतों को सुरक्षित करने के लिए यू-हुक प्रणाली का उपयोग करने तथा असुरक्षित पेड़ों की छटाई करने और सूचना पट्ट होर्डिंग हटाने व सुरक्षित करने के निर्देश दिए है। नदी के जलस्तर पर नजर रखने और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार दे तथा तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जलाशयों से जल छोडने़ पर विशेष ध्यान रखने कहा है। उन्होंने जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास करने कहा है, ताकि बाढ़ की स्थिति को बिगडने़ से रोका जा सके तथा बांधों का जलस्तर बढने़ पर जल निकासी के लिए निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घण्टे पूर्व सूचना दी जा सकें। जल संसाधन विभाग को सुस्पष्ट जिम्मेदारी प्रत्येक जलाशय के संबंध में दी गई है।

कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ से बचाव, बचाव और राहत गतिविधियों में शामिल प्रथम उत्तरदाताओं और कर्मचारियों को पर्याप्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनने चाहिए। शारीरिक सामाजिक दूरी को बनाए रखने की आवश्यकता के कारण खाली किये गये व प्रभावित लोगों को समायोजित करने हेतु चक्रवात व बाढ़ राहत शिविरों की क्षमता में काफी कमी आएगी। इसे ध्यान में रखते हुए चक्रवात व बाढ़ आश्रयों की क्षमता को फिर से संगठित करने तथा लोगों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त आश्रयों और राहत शिविरों की पहचान करने कहा है, जिससे भीड़-भाड़ से बचा जा सके। इसके अलावा चक्रवात, बाढ़ आश्रय या राहत शिविरों में बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए अतिरिक्त शौचालयों के साथ-साथ अन्य आश्रयों और स्वच्छता व्यवस्था को भी मौजूदा आश्रयों में सुनिश्चित करने कहा है। राहत शिविरों में नियमित चिकित्सा जांच होनी चाहिए। जिससे बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया व अन्य बीमारी के लक्षणों वाले मरीजों को अलग कर उपचार किया जा सके और बीमारी के प्रसार में भी रोक लगे। आश्रयों व राहत शिविरों में नियमित कीटाणु शोधन (सेनेटाइजेशन) और स्वच्छता के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। बाढ़ से हुई क्षति की जानकारी नियमित रूप से राहत आयुक्त कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0771-2223471, फैक्स 2223472 पर निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन दें और एनडएमआईएस पोर्टल में भी प्रतिदिन इंद्राज करें। बाढ़ व बचाव संबंधी जानकारी व सूचना फैक्स व फोन के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार विभाग के ई-मेल में भी भेजे।

न्याय और मुआवजा राशि की मांग को लेकर जिला साहू संघ ने जिलाधीश-एसपी को ज्ञापन सौंपा

राजनांदगांव(दावा)। चिखली में निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से गत दिनों जागेश्वर साहू पिता स्व. चिंताराम साहू का दुखद निधन हो जाने से परिवार में रह रहे बुजुर्ग मां एवं एक पुत्र-पुत्री के समक्ष आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ रहा है। तत्संबंध में आज कलेक्टर संजय अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को स्व. जागेश्वर साहू के परिवार को न्याय दिलाने एवं मुआवजा धनराशि प्रदान करने की मांग को लेकर नगर साहू संघ के अध्यक्ष कुलेश्वर साहू एवं जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के अगुवाई में महामहिम राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिला साहू संघ के पदाधिकारी व स्व.जागेश्वर साहू के परिवार की मौजूदगी रही।

भाजपा के राज्य में प्रदेश में अराजकता का माहौल

तेंदूपत्ता संग्रहकों के साथ धोखा कर रही है साय सरकार- सुरेश सिन्हा

डोंगरगढ़ (दावा)। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ में शांतिपूर्वक माहौल था। लेकिन जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी कर्मचारी, व्यापारी, आम जनता, किसान आत्महत्या कर रहे तथा सड़क दुर्घटनाये दीनो दिन बढ़ रही है।

प्रदेश की साय सरकार पर आपोप लगाते हुए श्री सिन्हा ने कहा है कि भाजपा की ओर से चुनाव के पूर्व घोषणा पत्र जारी किया गया था, उनमें तेन्दुपत् तोड़ने वाले श्रमिकों से लगातार 15,20 दिनों तक तेंदूपत्ता लेने की बात कही गई थी। लेकिन मात्र 5,6 दिन ही तेंदूपत्ता लेकर तेंदूपत्ता लेना बंद करने की बात कही जा रही है। अगर वादा के मुताबिक तेंदूपत्ता नहीं खरीदते तो श्रमिकों के साथ आंदोलन किया जाएगा। तथा जिन बातों को लेकर के भाजपा के लोग आंदोलन करते थे उन्हीं शराब दुकान और चकना दुकान को खुद चला रहे हैं। बिजली की समस्या बद से बत्तर हो गई है। पांच महीने में ही आम जनता को भूपेश सरकार की याद आने लगी और लोगों में चर्चा बनी हुई है कि भूपेश सरकार ही जनहित में कार्य कर रही थी।

अर्थव्यवस्था को गति देगी सरकार, 24 घंटे खुलेंगे माल, रेस्टोरेंट उद्योग व प्रमुख बाजार

भोपाल। मध्यप्रदेश में अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार 24 घंटे उद्योग, माल, रेस्टोरेंट और प्रमुख बाजारों को खोलने का निर्णय करने जा रही है। इसके लिए श्रम विभाग ने दुकान स्थापना नियम में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि श्रम कानूनों में संशोधन करके उन्हें सरल किया गया है। कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां 24 घंटे काम होता है। कुछ नियम को सरल करने से न केवल व्यवस्था बेहतर हो सकती है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों में माल और रेस्टोरेंट 24 घंटे खुले रहते हैं।

इसे देखते हुए प्रदेश में भी माल, रेस्टोरेंट, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र समेत उद्योगों को 24 घंटे खोलने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस संबंध में श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ प्रारंभिक चर्चा भी हो चुकी है। चूंकि, प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक है, इसलिए इस प्रस्ताव पर विभाग आगे बढ़ रहा है और औद्योगिक संगठनों से भी चर्चा हो चुकी है।

केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटीं ऋचा शर्मा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, वन विभाग की बनाई गई अपर मुख्य सचिव

रायपुर। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस छत्तीसगढ़ लौटीं ऋचा शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है. उन्हें अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है. सामान्य प्रशासन विभाग ने आज इसका आदेश जारी कर दिया है. बता दें कि ऋचा शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में कार्य कर चुकी हैं. ऋचा शर्मा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से मनोज कुमार पिंगुआ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे.

महकोनी जैतखाम मे तोड़-फोड़ के आरोपियों की हो जल्द गिरफ्तारी - विवेक वासनिक

राजनांदगांव (दावा)। बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी में स्थित सतनामी समाज के तीर्थ स्थल अमर गुफा में निर्मित जैतखाम को असमाजिक तत्वों द्वारा काट कर नीचे गिरा देने की घटना को लेकर राजगमी सम्पदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक द्वारा गहरा रोष प्रकट करते हुए, उक्त घटना मे लिप्त असामाजिक तत्वों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग आज जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की है। आगे उन्होंने कहा कि, हालांकि घटना के बाद गत दिनांक 15-16 मई 2024 को गिरौदपुरी पुलिस चौकी मे अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है लेकिन विज्ञप्ति जारी किये जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। आरोपियों ने केवल जैतखम्भ को ही नुकसान नहीं पहुंचाया है, बल्कि उसमें लगे लोहे के गेट को भी तोड़ दिया है। श्री वासनिक ने उक्त घटना की कड़ी भर्तस्ना करते हुए कहा कि, जो आसामजिक तत्व ऐसी शर्मनाक घटना को अंजाम देकर समाज के भीतर विक्षोभ पैदा करने की कोशिश करते हैं और सम्बंधित समाज के धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करते हैं, ऐसे आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस तरह की घटना निंदनीय है और माफ करने योग्य नहीं है। धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले और धार्मिक भावना को आहत करने वाले इस तरह के कृत्य से सम्बंधित समाज को कितनी पीड़ा होती है, इसका अनुमान लगा पाना भी कठिन है। जब तक ऐसे आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं होंगी, ऐसे अपराधों की पुनरावृति होने की सम्भावना बनी रहेगी। पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि, जांच मे तेजी लाये और अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे ढकेला जाये तब कहीं जाकर पीड़ित समाज को इस सदमे से उबर पाने मे मदद मिलेगी और राहत मिल पायेगी।

ब्रह्माकुमारीज द्वारा 'संस्कारों की पाठशाला' शिविर का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र वरदान भवन लालबाग द्वारा गर्मी की छुट्टी में बच्चों के लिए 'संस्कारों की पाठशाला' बच्चों की मानसिक, बौद्धिक, एवं आध्यात्मिक विकास हेतु शिविर का शुभारंभ दिनांक 20 मई 2024 सोमवार को हुआ। इस अवसर पर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के उज्ज्वल भविष्य होते है। बच्चों को अपने जीवन में अच्छे संस्कारों को आत्मसात करना चाहिए जिससे वे देश के अच्छे नागरिक बन सके और देश की सेवा कर सके। इसके लिए अपनी आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़कर उनसे शक्ति लेकर अपने को शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित यातायात प्रभारी भ्राता अजय कुमार खेस जी ने बच्चों को ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित शिविर का लाभ लेकर अपने जीवन में अच्छे संस्कारों को धारण के लिए प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में पधारे सहायक यातायात प्रभारी भ्राता कमल किशोर श्रीवास्तव जी कहा की बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास करने के लिए ब्रह्माकुमारीज का यह आयोजन सराहनीय है। जब बच्चा पैदा होता है तब उसका सामाजिक और पारिवारिक विकास होना प्रारंभ होता है परंतु मानसिक बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के लिए हमे ब्रह्माकुमारीज जैसे किसी आध्यात्मिक संस्था में जाना होता हैं। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक यातायात प्रभारी भ्राता येनलाल चंद्राकर जी ने भी अपनी शुभकामनाएं इस शिविर के प्रति व्यक्त की। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर नन्ही बालिका कुमारी भूमि द्वारा बहुत सुंदर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने सरस मंच संचालन किया तथा वरिष्ठ राजयोगी भ्राता चैतराम वर्मा जी ने आभार प्रदर्शन किया । इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रंभा बहन जी, खेमिन बहन जी, सुनिंदा बहन जी, टोमिन बहन जी, झिलेश्वरी बहन जी, ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई, द्वारिका भाई, दयाराम भाई, मोरध्वज भाई, झालम भाई, राजू भाई, मनीष भाई ,दीपक भाई सहित 100 से भी अधिक बच्चे तथा उनके मातापिता उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि यह शिविर 26 मई रविवार तक चलेगी जिसका समय प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा बच्चे भाग ले सकते है।

कला में निखार, उभरेगी प्रतिभाएं

करमतरा संकुल के प्राचार्य शर्मा ने कहा चलेगा दस दिनों तक सीखने सिखाने का क्रम

KLM NOPQ RSTU

राजनांदगांव (दावा)। तपती दोपहरी में बांध व तालाबों में कूद-कूद कर नहाने, बगीचे में उधम मचाते हुए आम और जाम (अमरूद) तोड़ने, छिपते छिपाते बाड़ियों में घुसकर हरी ककड़ी, रसीले तरबूज और स्वादिष्ट खरबूजा खाने के मजे के साथ ही अब आज से करमतरा संकुल के स्कूली बच्चे चित्रकारी, संगीत, नृत्य, नाटक, प्रहसन, गायन, योग, मेहंदी लगाने, फोटोग्राफी के गुर भी सीखेंगे।

करमतरा संकुल के प्राचार्य राजेश शर्मा ने आज क्षेत्र के ग्राम कुटुलबोड़ भाटागांव स्कूल में समर कैंप की शुरुआत की। इस अवसर पर मनहरण लाल बघेल व शिक्षक रामेश्वर चंद्राकर सहित कैंपर्स उपस्थित थे। श्री बघेल ने बताया की भीषण गर्मी के बावजूद समर कैंप को लेकर स्कूली बच्चों में गजब का उत्साह है। संकुल के प्राचार्य राजेश शर्मा ने इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों में विभिन्न कला का विकास होगा, ग्रामीण प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी और कई विधाओं में विद्यार्थी पारंगत होंगे। आज बच्चों ने कुछ समय खेलकूद में व्यस्त रहने के बाद चित्रकारी के गुर सीखे। कैंप में बच्चों की कम उपस्थिति का कारण दादी, नानी, मामा गांव जाने सहित रोजी रोजगार के सिलसिले में अपने माता-पिता के साथ दिगर शहर चले जाना बताया गया। बहरहाल आज से दस दिनों तक स्कूल में सीखने सिखाने का क्रम चलेगा।

अनमोल दावा

प्रत्येक बुद्धिमान व्यक्ति को क्रोध और लोभ त्याग देना चाहिए क्योंकि इससे आत्मा का पतन होता है।

सियासत में उलझ गया सच, आप सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट केस पर रहस्य का पर्दा

इस घटना को लेकर खुद स्वाति मालीवाल के दुविधा भरे कदमों ने अनेक प्रश्न अनुत्तरित छोड़ दिए हैं। घटना के तुरंत बाद मालीवाल ने फोन कर पुलिस को सूचना दी, प्राथमिकी दर्ज कराने थाने भी पहुंचीं, मगर प्राथमिकी दर्ज कराए बगैर लौट आईं। फिर तीन दिन तक वे चुप्पी साधे रहीं। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट का मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। आरोप है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री निवास के भीतर स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की। उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मगर अब तक पूरा मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसे राजनीतिक रंग दे दिए जाने की वजह से और उलझ गया है।

आम आदमी पार्टी इसे भाजपा की साजिश बताने लगी है। खुद अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता करके केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनके सारे नेताओं को गिरफ्तार करना चाहती है। बिभव कुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ उन्होंने भाजपा दफ्तर पर प्रदर्शन का भी एलान कर दिया। भाजपा भी इस मामले को भुनाने में पीछे नहीं रही। उसके नेता इस मामले पर सार्वजनिक मंचों से बोलते रहे, महिला कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। आम चुनाव का माहौल है, इसलिए भाजपा पूरी तरह इसका लाभ उठा लेना चाहती है। मगर आम आदमी पार्टी का पलटवार इस मामले के रहस्य को और गहरा कर देता है।

दरअसल, इस घटना को लेकर खुद स्वाति मालीवाल के दुविधा भरे कदमों ने अनेक प्रश्न अनुत्तरित छोड़ दिए हैं। घटना के तुरंत बाद मालीवाल ने फोन कर पुलिस को सूचना दी, प्राथमिकी दर्ज कराने थाने भी पहुंचीं, मगर प्राथमिकी दर्ज कराए बगैर लौट आईं। फिर तीन दिन तक वे चुप्पी साधे रहीं। घटना के दूसरे दिन आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने जरूर प्रेस वार्ता करके मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और उस पर मुख्यमंत्री की तरफ से कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मगर उनकी तरफ से ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जा सका। चार दिन बाद मालीवाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई और उनकी चिकित्सीय जांच की गई।

जांच में उनके शरीर पर चोट के निशान चिह्नित किए गए। मगर उसके बाद मुख्यमंत्री निवास के भीतर सुरक्षा कर्मियों से मालीवाल की बातचीत और वहां से उनकेबाहर निकलने की जो तस्वीरें जारी की गईं, उनमें कहीं भी उनके साथ दुर्व्यवहार की निशानदेही नहीं होती। दिल्ली पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, उसने कुछ तथ्य भी जुटाए हैं, उन्हीं के जरिए हकीकत सामने आ सकती है। मगर सवाल है कि आखिर मालीवाल क्यों कई दिन तक चुप्पी साधे रहीं और जो आम आदमी पार्टी महिलाओं की सुरक्षा के दावे करती नहीं थकती, वह मुख्यमंत्री निवास के भीतर हुई इस घटना पर से पर्दा उठाने से क्यों हिचकती रही।

किसी भी महिला के साथ अगर इस तरह दुर्व्यवहार किया जाता है, तो उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। चूंकि यह घटना एक राज्यसभा सदस्य के साथ हुई है और मुख्यमंत्री निवास के भीतर उनके निजी सचिव पर मारपीट का आरोप है, इसलिए यह और क्षोभ का विषय है। मगर जैसा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच खींचतान का वातावरण बना रहता है, इस मामले को भी राजनीतिक रस्साकशी का मुद्दा बना दिया गया है। यह किसी भी रूप में ठीक नहीं है। मालीवाल के साथ हुई घटना की हकीकत लोगों के सामने आनी ही चाहिए। अगर मुख्यमंत्री के निजी सचिव इस मामले में दोषी हैं, तो उन्हें बचाने का प्रयास क्यों होना चाहिए? अपेक्षा तो यह की जाती थी कि मुख्यमंत्री खुद इस मामले की जांच कराकर सच्चाई सामने लाएंगे।

''गोंडवाना साम्राज्य के 1750 बरस'' 52 गढ़, 57 परगना, अउ 258 राजा

मदन मंडावी

भारत देश मा गोंडवाना जातिवाचक नोहे, बल्कि राष्ट्रीय वाचक शब्द आय। जेन मध्य भारत मा एक छत्री 1750''बरस ले राज पाठ ल चलइन। जब गोंड मन राजा रहिन तब सब्बो जाति धरम के मनखे राजा के आगू मा प्रजा बरोबर राहय, काकरो हिनमान नइ होवय। परदेशियन ला तको सरन मिलै।

भूगोल- सामान्य रूप ले पुरा धरती एकेठन बड़े जान रिहीस हे। जेकर चारों मुड़ा हा महासागर ले घेराय रहिस, जेला भू -बिज्ञानीक मनहर - पैंजिया, बाद म पैंथलासा नाव ले जाने गिस।

आज ले 20करोड़ बरस पैंजिया टूटे लागिस जे उत्तर अउ दक्षिण भाग मा अलग होगे बीच मा पानी भरगे। जेकर उत्तरीय भाग लारेशिया अऊ दक्षिणी भाग ला गोंडवाना नाव देय गिस जेकर श्रेय एडुअर्ड सूज ल जाथे। वास्तव मा गोंडवाना लैण्ड के नाव स्थानीय गोंड जाति के रहइया मनखे के कारण पड़े गिस। बाद म गोंडवाना लैण्ड 13 करोड़ 50 लाख बरस टूटते गिस अऊ सब अलग- अलग होगे। 6करोड़ 50लाख बरस पहिली सब्बो भाग स्वतंत्र महाद्वीप बनगे वर्तमान मा -अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, अरब, भारत, आस्ट्रेलिया अउ अंटार्कटिका येमन गोंडवाना लैण्ड के हिस्सा आय। अइसने लॉरेशिया ह घलोक टूटगे जेनहर -उत्तर अमेरिका, यूरोप, एशिया बनिस। जेकर से ये पता चलथे कि धरती के एक बड़े भू - भाग मा निवास करइया मनख'' गोंड हरे।

राजकाजङ्घभारत देश मा सबले लम्बा समय ले एकतरफा 1750 बरस राज करे के किस्सा गोंड राजा मन के हे। मध्य भारत के सबले सशक्त राजा गोंड रहीन। आजादी ले पहिली भारत देश मा 562 राजा, नवाब मनके रियासत रहीस। तेमा 258''राजा तो गोंडेच मन के रिहीस हे। बाद मा जब देश 15अगस्त 1947'' म आजाद होइस त सबो राजा सुम्मती ले सुदृढ़ एक भारत बनाय खातिर विलयकरण नीति ले अपन राज पाठ ला देश के नाव विलय कर दिस।

गोंडवाना गोंड साम्राज्य महाराष्ट्र के विदर्भ ले- मध्यप्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, दक्षिण उत्तरप्रदेश, उत्तरी तेलंगाना तक फईले रिहिस।

गोंडवाना सम्राज्य के अधिकांश लड़ई मुगल बादशाह मन के संग होय रहीस हे। बाद मा अंग्रेजियन मन के संग इनकर जब्बर युद्ध होइस। गोंडवाना शासन काल मा ''सोन के सिक्का'' घलो चलाय गे रीहिस हे तेन समय भारत देश ला ''सोन के चिड़िया'' कहे जाय। बताए जाथे किसान मन वो समे लगान तको सोन के सिक्का ले चुकावय।

इतिहासङ्घ गोंड राजवंश के 48 वां सबले पहिला प्रसिद्ध शासक यदुराय ला माने जाथे, जेन ह राज चिन्ह -हाथी ऊपर शेर ला राजभवन के आगु म अंकित करीस। गोंडवाना के प्रमुख राजधानी चांदागढ़ (चंद्रपुर), गोंडवंश के 10वा शासक (नागपुर शहर संस्थापक) बख्त बुलंद शाह उइका (1472-1497) अपन राजधानी बनाइस। 14''वीं ले 18''वीं शताब्दी के बीच गोंडवाना के कतरो राजवंश मन के मजबूत अऊ सफल शासन स्थापित रीहिस। राजा मन बड़े - बड़े किल्ला, महल, मंदिर, तरिया, स्मारक बनवईन अउ अपन राजा होय के पहिचान बनाईस।

मंडलागढ़ गोंडवाना गणराज्य के ऊंचहा शासक गणपति महाराजा संग्राम शाह मरावी रहीस। मुगल बादशाह मन ला गोंड राजा मन बड़ धुर्रा चटाईस। रानी दुर्गावती मुगल बादशाह अकबर ला तीन बार हराइस। मुगल काल के समाप्ति मा अंग्रेज भारत आईस तब उनकरो मन संग जब्बर मुकाबला होइस। राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह ला अंग्रेज मन 18 सितंबर 1857 मा तोप के मुंह म बांध के उड़ा देय गिस।

सामाजिक भूमिका - गोंडवाना मा गोंड के अलग-अलग प्रकार हाबे ध्रुव गोंड, राज गोंड, माड़िया गोंड आन गोंड। सब्बो गोंड गोंडवाना सभ्यता संस्कृति ले सुशोभित हावे। गोंड राजा मन अपन नाव के पाछू ङ्घशाह, सिंह, राय, सेन, ठाकुर जइसन उपनाव ल लगावय आजो चलत हे।

ध्रुव गोंड मनके पांच गढ़ हाबे जिनकर पुरातन किल्ला बोलती जुबानी आजो भी खड़े हे। जिहां देबी -देवतन बिराजमान हावे -1, धमधागढ़ (छ.गढ़)- त्रिमूर्ति महामाया। 2, लांजीगढ़ (म.प्र.)- लंजकाई दाई। 3, चांदागढ़ (महाराष्ट्र)-कली कंकाली । 4, बैरागढ़ (म.प्र.)-बूढ़ी माई।5, मंडलागढ़ (म. प्र.)-राजराजेश्वरी (माला दाई)।

आजो इनकर 52गढ़, 57 परगना, अभी भी हे। समे के अनुसार जगा के नाव बदल दे गेहे। गोंडवाना के वंश परम्परा मा -नागवंशी, सूर्यवंशी, चंद्रवंशी, गंगवंशी, यज्ञवंशी, प्रसिद्ध हे।

गोंड राजा मन के राष्ट्रीय बईठका ठऊर धमधागढ़ जिहां 258 राजा मन वार्षिक अधिवेशन करे। पहिली धमधागढ़ ला ''तालाबों की नगरी'' कहे जाय। जिहां - छै कोरी छै आगर (126) तरिया राजा हर कोडवाय रहिस। जेन समे राजा मनके राज रीहिस वो बेखत भारत ला बिस्व गुरु कहे जाय तेन समे मा बिदेश के मन भारत देश म पढ़े-लिखे बर आवय।

आज से 300 सौ साल- पहिली छत्तीसगढ़ मा 36किल्ला रहिस उत्तर -दक्षिण मा 18-18''=36''। जेकर कारण छत्तीसगढ़ राज्य ला 36गढ़ नाव मिलीस। अजादी के बाद अविभाजित मध्यप्रदेश मा गोंडवाना राज्य बनाय के मांग जोरपरहा उठाए गय रिहिस। ये खातिर जमींदार लालश्याम शाह पानाबरस, मानपुर निवासी निर्दलीय सांसद, विधायक पद ला छोड़ देहे रिहिस।1950-60के दशक मा कांग्रेस के राष्ट्रीय समिति के सम्मिलन रईपुर मा होवत रहीस लालश्याम शाह तीन हजार आदिवासी ला लेके रईपुर पहुचिस अऊ अलग गोंडवाना राज्य बनाय के मांग लेके धरना शुरू करदीस। येकर आरो पाके पंडित जवाहरलाल नेहरू सम्मिलन ले उठके लालश्याम शाह करा मिलेला आगे रिहिस।

गोंडवाना भू-भाग हर प्राकृतिक कोइला बर प्रसिद्ध हाबे।

ग्राम -ढारा (करेला) डोंगरगढ़ छ.ग.
मो. 7693917210

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम :152 रात्रि अंबर में उदित हुए हैं, श्री राम रूपी सूर्य और सीता जी रूपी चंद्र

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

मुस्कुराती हुई सीता जी ने कहा, ''अवश्य स्वामी! आपके ही माध्यम से तो सबसे परिचय हुआ है।''

यह कहती हुई सीता जी श्री राम के चरणों में झुकीं।स्वयं झुककर उन्हें बीच में ही रोकते हुए श्री राम ने कहा, ''प्रिय! यह क्या कर रही हो? तुम्हारा स्थान इस राम के हृदय में है।''

''मैं जंबूद्वीप के श्रेष्ठतम नर और महानतम योद्धा के प्रति अपना सम्मान व्यक्त कर रही हूं स्वामी....कृपया मुझे यह करने दें....''

ऐसा कहती हुई सीता जी ने अपने हाथों से श्री राम के चरणों का स्पर्श किया। श्री राम ने सीता जी के सिर पर आशीर्वाद मुद्रा में अपना हाथ रखा और झुकी हुई सीता जी को अपने दोनों हाथों से ऊपर उठाया।

कुछ देर तक जानकी जी ने पूजा की। श्री राम भी हाथ जोड़कर माता भवानी के उस काष्ठ मंदिर के सामने खड़े रहे।

पूजा संपन्न हो जाने के बाद जानकी जी ने श्री राम की आरती उतारी।उन्होंने श्री राम को तुलसी का पत्ता और चरणामृत दिया।श्री राम ने आदरपूर्वक उसे ग्रहण किया। इसके बाद सीता जी ने एक लघु मंजूषा श्री राम को भेंट की। श्री राम ने इसे खोल कर देखा। इसमें वही कनेर का पुष्प था, जो जनकपुरी के राज उद्यान में मिला था और जिसे सीता जी के संकेत पर श्री राम ने चुनकर भगवान शिव को अर्पित किया था। यही पुष्प माता भवानी की मूर्ति के पास से सीता जी की अंजलि में गिरा था और उन्होंने इसे संभाल कर रखा था।

''सीते! क्या यह वही पुष्प है जो मैंने शिवजी को अर्पित किया था?''

''जी देव!.... पर वह शिव कृपा से माता भवानी के मंदिर में पहुंच गया था और जहां माता भवानी ने इसे मुझे प्रदान कर दिया था, तब से मैंने इसे संभाल कर रखा हुआ है।'' सीता जी ने बताया।

श्री राम यह सुनकर विस्मित रह गए। वह पुष्प अभी भी ताजा था। ऐसा लग रहा था कि जैसे उसे अभी-अभी चुनकर रखा गया हो। ऐसा हो भी क्यों न? यह अम्लान पुष्प भी श्री राम और सीता जी के शाश्वत प्रेम की तरह अक्षय हो गया है।

श्री राम ने उस पुष्प का स्पर्श किया और वापस जानकी जी को दे दिया। श्री राम और सीता जी में बहुत देर तक संवाद होता रहा।

''तो स्वयंवर में आपने क्या सोचकर इस धनुष बाण धारी का वरण किया था जानकी?''

''इसलिए कि आपने शिव धनुष उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने का सफल प्रयत्न किया था।''

''बस यही वैदेही?''

''नहीं देव! केवल मेरे विवाह की शर्त पूरी करना ही कारण नहीं बल्कि मैंने आपमें सकल जंबूद्वीप और समूची मानवता का भविष्य देखा है।''

''अगर यह सच है जानकी, तो मेरा भावी मार्ग कंटकों से पूर्ण होगा।''

''मैं आपकी सहधर्मिणी के रूप में इसमें चलने के लिए तैयार हूं स्वामी।''

''मुझे स्वीकार है सीता लेकिन अनुगामिनी नहीं, बल्कि सहयात्री बनकर, जहां तुम्हारा भी समान उत्तरदायित्व होगा, जहां तुम्हारे निर्णय भी महत्वपूर्ण होंगे और जहां तुम्हारी इच्छाएं भी सम्मानित होंगी।''

रात्रि गहराने लगी है।आज अयोध्या के अंबर में एक साथ श्री राम रूपी सूर्य और सीता जी रूपी चंद्र की ज्योत्सना बिखरी हैं। इससे न सिर्फ धरती बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड आलोकित है।

सामयिक चर्चा

अजब खेल है राजनीति का!

खबर पढ़ कर
बानी बोले - ''गजाधर!
बड़ा आश्चर्य है, देखो तो,
एक तरफ आम आदमी पार्टी की
राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल
जब वह तेरह मई को
मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मिलने
उनके आवास पर गई थी
तो वे उनके निजि सहायक विभव कुमार पर
गाली-गलौज, मारपीट के आरोप लगा रही हैं।
और दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने
उनके आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए
दावा किया है कि मालीवाल,
केजरीवाल को फर्जी मामले में
फंसाने के लिए, भाजपा के इशारे पर,
काम कर रही हैं।''
गजाधर बोले, मुस्कराकर- ''बानी!
अजब खेल है राजनीति का
पता ही नहीं लगता,
सच है क्या, झुठ है क्या?''

-गिरीश बख्शी

(सामयिक व्यंग्य)

चलो दिलदार चलो, 400 के पार चलो...

जिस दिन से हमारे देश के प्रधान सेवक ने रेल पटरियों के ज्वांइट से गुजरने वाली रेल की आवाज को 400 के पार से जोड़ा है, मेरा भी मन, मेरी सोंच को नदियां के पार, झील के उस पार, आर-पार आदि जैसे फिल्मों की ओर मोड़ा है। निश्चय ही वे सभी पुराने फिल्म और उसके गीत मन को छू लेते हे। उनके वे प्यारे-प्यारे गीत मुझे ऐसे सुनाई देते है जैसे मेरे साजन है, उस पार 400 के पार, चल मेरे साजन 400 के पार। चलो दिलदार चलो, 400 के पार चलो, हम है तैयार चलो,। कहीं आर 400 के पार, लागा धीरे नजर, सैंया घायल किया रे, तूने मेरा जिगर। चल चलें, ऐ दिल करे, कर के किसी का इंतजार, 400 के पार। मेरे सैंया जी उतरेंगे 400 पार, ये नदियां धीरे बहो।

स्वर्गीय हो चुके मेरे मित्र की स्वर्गधाम में किसी धूमकेतु से टक्कर हो गई, उसके हाथ से छिटक कर उसकी डायरी जब पृथ्वी में गिरी, शट से मैंने उसे लपक लिया और देखा उसके पहले ही पन्ने पर ही श्री 420 लिखा हुआ था। मुझे वह पढ़ कर मानो 440 वोल्ट का झटका लगा। मैं जानता था कि वह फिलिम-विलिम वगैरह देखता नहीं पर वह एक बार मेरे उकसाने पर अली बाबा 40 चोर जरुर देखने गया था। वहीं वह उक्त फिलिम देखते-देखते स्वर्गीय हो गया। फिलिम का उसे मजा आया था। इस फिल्म के बाद टाकिज में श्री 420 लगना था लेकिन वह 40 चोर देखते-देखते स्वर्गीय हो गया। अतः उसकी श्री 420 देखने की इच्छा अधूरी रह गई। उस अधूरी आस को वह अपने डायरी में बड़े जतन से लिख रखा था। डायरी के तीसरे पन्ने में उन्होंने धारा 370 लिख रखी थी वह भी 34-A के साथ। मैंने सोचा इसमें भी दोनों का योग 400 के पार 404 जा रहा है। मैं सोचा, यह क्या हो रहा है, हर तरफ केवल 400 के पार सुनाई दे रहा है।

किसी ने कहा कि यह एक तरह की साइकोलॉजी है। किसी चीज को लोगों के दिमाग में भर दो, तो वही-वही चीज दिमाग में घुमने लगता है। जैसे टीवी में हम वाशिंग पाउडर निरमा का विज्ञापन देखते हैं। यह विज्ञापन हमारे दिमाग में जगह बना लेता है। यदि हम किसी दुकान में वाशिंग पाउडर खरीदने जाएं तो वहां कितनी ही व्हेरायटी का वाशिंग पाउडर क्यों न हो, लेकिन दुकानदार के पूछने पर ज़बान में सबसे पहले निरमा का ही नाम आएगा। यह सब बात मेरे भी दिमाग में उमड़ -घुमड़ रही थी कि कहीं दूर, गंगा जमुना सरस्वती का गीत मुझे इस तरह सुनाई दिया - साजन मेरा 400 के पार है, मिलने को दिल बेकरार है। मैं समझ गया कि अब की बार 400 के पार नारे से सभी ग्रसित हो गए हैं। अब यह ग्रसना 4 जून को ही समाप्त हो पाएगा, जब ईवीएम मशीन से सभी राजनीतिक पार्टियों के भाग्य का फैसला बाहर आएगा। वैसे बता दें कि 4 का अंक राहू का है। अब राहू किसे 4 के अंक के साथ सिंगल, (0) जीरो देता है या फिर डबल(00) जीरो। लेकिन हमें तो फिलहाल साजन मेरा 400 के पार है, मिलने को दिल बेकरार है, चलो दिलदार चलो, 400 के पार चलो, गीत ऐसे ही सुनाई दे रहे है। अब इसे साइकोलॉजी समझे या फिर ट्राई कोलाजी।

-आत्माराम कोशा 'अमात्य'

शब्द सामर्थ्य -063

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 062 का हल



सू- दोकू क्र.063

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.062 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

राशिफल

मेष

आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जायेगा।

वृषभ

आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा।

मिथुन

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन में सावधानी रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है।

कर्क

आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे।

सिंह

आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा।

कन्या

आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल-परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें।

तुला

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूरा करने की सोच रखें। बाहर की मसालेदार चीजों को खाने से बचें, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आपका अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा।

धनु

आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे, इसमें आप सफल भी होंगे। घर में उत्सव का माहौल रहेगा।

मकर

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्चअधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है।

कुंभ

आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज किसी समारोह में आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी।

मीन

आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा।

रियासतकालीन मां गंगई मंदिर के गुम्बद के जीर्णोद्धार को लेकर विधिवत पूजा कराकर उतारा पुराना गुंबज

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर सहित दूर-दराज के लोगों के लिए माँ गंडई मंदिर आस्था का केंद्र बिन्दु है। इसी आस्था के चलते माँ गंगई के गुम्बद का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा। वही अन्य हिस्से का भी नवनिर्माण करवाया जाएगा। मंदिर का गर्भगृह यथावत रहेगी एवम बाकी के हिस्सों में नवनिर्माण करवाया जाएगा। जिससे मंदिर और अधिक भव्य एवं आकर्षक होगा। जिसे लेकर विधि-विधान से पूजा किया गया है। रविवार 19 मई को सुबह 9 बजे कमलेश शर्मा ने मंदिर के पुजारी साकेत दुबे एवं अनुभव दुबे से विधिवत पूजा अर्चना करवाया है। ततपश्चात ही मंदिर के गुम्बद में लगे कलश को नीचे उतारा गया। इस दौरान मंदिर के सेवक कृष्णा निषाद, समलू गोड एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

6 माह में करवाया जायेगा नए गुम्बद का जीर्णोद्धार

रियासतकालीन समय मे अर्थात लगभग 60 से 70 सालों पहले बनाये गए माँ गंगई मंदिर की गुम्बद की ऊँचाई 21 फ़ीट है जिसे अब 51 फ़ीट ऊंचा बनाया जाएगा। ज्ञात हो की वर्षों पहले ईंट में चुना और गोंद की मिश्रण की जोड़ाई से गुम्बद का निर्माण उक्त मंदिर में किया गया था जो आज भी मजबूती के साथ टिका हुआ है। जिसके चलते उसी पैटर्न में पत्थर का उपयोग करते 51 फ़ीट ऊची गुम्बद का निर्माण करवाये जाने की जानकारी सामने आई है। उक्त मंदिर में वर्तमान में माँ गंगई, माँ महामाया एवं माँ शीतला देवी विराजमान है।

0 मंदिर का गुम्बद 21 फ़ीट से बढ़ाकर 51 फ़ीट किया जाएगा ऊंचा
0 राजस्थान, अमरकंटक व अन्य स्थानों के पत्थर से बनवाया जाएगा गुम्बद

57 फ़ीट चौड़ा और 66 फ़ीट लंबा है मंदिर का क्षेत्रफल

माँ गंगई मंदिर का कुल क्षेत्रफल 3762 वर्ग फ़ीट में है। जिसमे मंदिर का हाल बीते कुछ सालों पहले आधे से कम हिस्से में बनवाया गया था एवं मंदिर का मुख्य हिस्सा जहाँ देवी माताएं विराजमान है काफी पहले रियासत काल मे बनवाया गया था। ऐसे ही मंदिर के अंतिम भाग जहां पर मंदिर के विभिन्न समानो को रखा जाता है वह भी पुराना है। साथ ही मंदिर का कुछ भूभाग को छोड़ कर मंदिर का बाउंड्री वाल बनाया गया था परंतु अब जब मंदिर का नया निर्माण करवाया जा रहा है तो नक्शे में उल्लेखित मंदिर के सम्पूर्ण भूभाग में मंदिर का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

आस्था और विश्वास का प्रतीक है मंदिर

माँ गंगई मंदिर जिसका इतिहास गौरवशाली रहा है सम्भवतः गंडई नगर का नाम माँ गंगई मंदिर के नाम के आधार पर ही पढ़ा है। उक्त मंदिर को लेकर लोगो मे काफी आस्था है। किसान इसी मंदिर में पानी चढ़ा कर उसी पानी को धान में होने वाले गंगई रोगों के उपचार में काम मे लेते है।इसी प्रकार और भी अनेकों कारण है जिसके कारण उक्त मंदिर में स्थापित तीनो माताए लोगो के लिए लंबे समय से लगातार आस्था का केंद्र बने हुए है। मा गंगई मंदिर के संरक्षक लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया की माता के गर्भगृह वाले स्थान को पत्थर से निर्माण कराने का विचार चल रहा है, गुम्बद को और बेहतर एवं मजबूत बनाने अमरकंटक और राजस्थान से संपर्क स्थापित कर वही के पत्थर एवम वही कारीगरों से कार्य करवाये जाने का विचार चल रहा है, यह मंदिर आजादी समय के बाद रियासतकाल के राजा स्व लाल मूरत सिंह खुसरो के समय से निर्मित है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में 14 जून को पेंशन अदालत

डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में पेन्शन अदालत का आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के सभा कक्ष में दिनांक 14 जून (शुक्रवार) को प्रातः 11.30 बजे से किया जायेगा।

मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एतद् द्वारा सूचित किया गया है कि, वे अपना आवेदन दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ जिसमें पी.एफ. नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि, पी.पी.ओ. नम्बर, विभाग व पद, मामले की जानकारी एवं पता लिखना अनिवार्य है। एवं दिनांक 30 मई 2024 तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंशन अदालत) को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

पेंशन से संबंधित शिकायत का होगा निराकरण- रेलवे द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि, पेन्शन अदालत में पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेन्शन भुगतान सम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन करें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस पेंशन अदालत में न्यायालय में विचाराधीन, विवादास्पद, उत्तराधिकारी मामला तथा अन्य नीतिगत मामलों, रेलवे बोर्ड में लंबित प्रकरण मामलों को शामिल नहीं किया जायेगा।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई

दिग्विजय महाविद्यालय के गणित विभाग में कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ

राजनांदगांव (दावा)। शास. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान के मार्गदर्शन में गणित विभाग के कंप्यूटर लैब का शुभारम्भ डॉ. राजेश पाण्डेय, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभागए दुर्ग संभाग द्वारा किया गयाद्य उक्त कार्यक्रम में डॉ. पुष्पा कौशिक, प्राध्यापक, शास. जे. योगनान्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालयए रायपुर औत श्री राजकुमार जैन, व्यवसायी, राजनांदगांव उपस्थित हुये। प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह नया कंप्यूटर लैब न केवल तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम हैए बल्कि यह भी एक ऐसा मंच है जहां छात्रों की रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित किया जा सकता है। गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान अपने उद्बोधन में कहा कि कंप्यूटर आधुनिक युग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और आज के समय में तकनीकी ज्ञान का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कम्प्यूटर लैब हमारे विद्यार्थियों को विभिन्न कंप्यूटर तकनीकों को सीखने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके पश्चात् डॉ.के.के. देवांगन अपने उद्बोधन में कहा कि कम्प्यूटर लैब के माध्यम से हमारे विद्यार्थी न केवल स्वयं को विकसित करेंगे, बल्कि उन्हें भविष्य में बेहतर करियर बनाने में मदद मिलेगी।

डॉ. राजेश पाण्डेय जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कम्प्यूटर लैब की सुविधा छात्रों के लिए अनगिनत संभावनाओं का द्वार खोलती है। अब वे तकनीकी ज्ञान को गहराई से समझने और अपने कौशल को समृद्ध करने का अवसर प्राप्त करेंगे। यह उत्साहजनक कदम उनके भविष्य की दिशा में नई ऊंचाईयों की ओर एक नई कीमती पहल को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि कठिन को सरल बन्नाना हे बुद्धिमत्ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को उच्च एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से इंटर्नशिप करनी चाहिए ताकि विद्यार्थियों को इससे नौकरी के लिए अद्वितीय अनुभवए अवसरए और नेटवर्किंग की सुविधा प्राप्त होती है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण होती है। डॉ. पुष्पा कौशिक जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह लैब कॉलेज के एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में उभरकर आएगाए जो हमें नई उच्चताओं की ओर ले जाने में मदद करेगा। श्री राजकुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कंप्यूटर लैब आपके छात्रों के उद्दीपन और सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उक्त कार्यक्रम का मंच सञ्चालन हेमंत कुमार साव और आभार ज्ञापन डॉ. कविता साकुरे द्वारा किया गया।

बाजार अतरिया क्षेत्र के आधा दर्जन से ज्यादा गांवों में लगे ट्रांसफार्मर से ऑइल की हो रही चोरी



विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर खराब है करके उसे बदलने में लगे है

खैरागढ़ (दावा)। इन दिनों क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। अब क्षेत्र में चोरों ने विद्युत विभाग को निशाना बनाया है। जिला केसीजी मुख्यालय के ब्लॉक के बाजार अतरिया क्षेत्र में इन दिनों चोरों ने विधुत विभाग को निशाना बनाया है, क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर से ऑइल की चोरी की जा रही है, वही ट्रांसफार्मर से ऑइल चोरी होने से विधुत विभाग के कर्मचारियों में खलबली मची हुई है और उपर से गर्मी का मौसम लोगों को 24 घंटे लाइन चालू चाहिए। वही चोरों के इस हरकत से विधुत विभाग के कर्मचारी काफी परेशान नजर आ रहे हैं, बीते हफ्ते भर में आधा दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर के आइल ऑइल चोरी हो चुकी है, वही विधुत विभाग के व्दारा कई जगहों पर ट्रांसफार्मर को खराब समझ कर बदल भी चूके हैं। इस तरह ट्रांसफार्मर से ऑइल की चोरी से ग्रामवासी भी काफी परेशान नजर आ रहे हैं। वही बाजार अतरिया क्षेत्र में जसराज जैन वाली जगह पर की ट्रांसफार्मर ग्राम डुंडा खार, भीमपुरी, कुकुरमुडा में तीन और उसके साथ-साथ पासलखैरा में अज्ञात चोरों के व्दारा ट्रांसफार्मर से ऑइल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है,इस घटनाक्रम से परेशान ग्रामवासियों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वही छ.ग.राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारीयों ने क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर के आसपास संदिग्धावस्था में अगर कोई व्यक्ति दिखाई देता है तो तत्काल विभाग को सूचित करने कहा गया है और इस मामले को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, देखना यह है कि पुलिस इस पर क्या कार्रवाई करती है।

नवनिर्मित नाली में एस्टीमेट के अनुसार कार्य नहीं होने से पशुधन हो रहे हैं दुर्घटनाग्रस्त

श्री कृष्ण गौशाला समिति ने निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पुलिस से की

डोंगरगढ़ (दावा)। गौधन सेवा में अग्रणी संस्था श्री कृष्ण गौशाला समिति ने पालिका के ठेकेदार पर निर्माण कार्य में की गई अनियमितता पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने थाना प्रभारी डोंगरगढ़ से शिकायत की गई है।

श्री कृष्ण गौशाला समिति की गई शिकायत में कहा गया है कि गौशाला परिसर के आने जाने वाले रास्ते मे नाली निर्माण कार्य में नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा नाली ढंकने के लिए न ही स्लैब डाली गई है और न ही ढक्कन रखे गए हैं। इसके पूर्व भी गौशाला समिति की भूमि में निर्मित उद्यान निर्माण में भी भारी पैमाने में पालिका के ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार किया गया था। शिकायती पत्र में संबधित अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। नाली का आधा अधूरा निर्माण कार्य श्री कृष्ण गोशाला के परिसर के आने-जाने वाले रास्ते में नाली निर्माण का कार्य नगर पालिका के ठेकेदार द्वारा इंजीनियर की देखरेख में किया गया है। जिसमें लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी निर्माण कार्य को आधा अधूरा छोड़ दिया गया है। यह एक मुख्य सड़क है। यह से प्रतिदिन मा बमलेश्वरी मंदिर आने-जाने का रास्ता है। गौशाला के सामने पार्क एवं मन्दिर में इसी रास्ते से प्रतिदिन महिला पुरुष बच्चे सामने बने पार्क में खेलने आते है। रात के समय खुली नाली में गिरकर कोई मर सकता हैं। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ठेकेदार मनमानी करते हुए निर्माण कार्य कर रहा है। ठेकेदार ने नाली बना दी है। नाली को ढंकने के लिए स्लैब नहीं लगाए हैं। जिसके कारण गाय एवं उसके बच्चे नाली में गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुधन मर भी सकते हैं। ठेकेदार को बोल गया तो इस्टीमेट के अनुसार कार्य करने की जानकारी दी गई है। नालियों पर बिना स्लैब डाले ही खुला छोड़ दिया गया है जो कि हादसों को आमंत्रित कर रहा है। थाना प्रभारी डोंगरगढ को संबोधित पत्र में कहा गया है कि अधिकारियों एवं ठेकेदार के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 पशुओं को अनावश्यक दर्द पहुँचाने के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की एवं बड़ा हादसा होने से पूर्व तत्काल खुले नाली के ऊपर ढक्कन या स्लैब से बंद कराने संबंधित विभाग को निर्देश देने कहा गया है।

मोक्षधाम सांकरदाहरा में जिला सेन समाज की बैठक संपन्न

राजनांदगाँव (दावा)। जिला सेन समाज राजनांदगाँव 18 मई दिन शानिवार को जिलाध्यक्ष शेष नारायण शांडिल्य के आदेशानुसार जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक पदाधिकारियों, सार्किल पदाधिकारी, जिला प्रकोष्ट अध्यक्षों तथा कार्यकारिणी सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया।

जिला सचिव लोकेश सेन ने बैठक के विषय बिन्दु क्रमशः सामाजिक सर्वेक्षण सर्वे सूची निर्माण, जिला पदाधिकरियों के रिक्त पदों में संशोधन, सामाजिक नियमावली व आने वाले माह में सांकरदाहरा मोक्षधाम में श्री सेन जी महाराज के मंदिर तथा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम वृहद रूप में नाई सामाजिक सम्मेलन के रूप में मनाये जाने की जानकारी दी।

जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने आगे बताया कि यह बैठक जिला अध्यक्ष श्री शांडिल्य, जिला सचिव लोकेश सेन, जिला कोषाध्यक्ष भागवत श्रीवास के अध्यक्षता में जिले के ब्लॉक, सर्किल, जिला प्रकोष्ट के पदाधिकारियों हेतु आवश्यक बिन्दुओं पर विचार विमर्श करने और आगे के कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने हेतु आयोजित किया गया।

जिला बैठक में श्री सेन जी महाराज कि पूजा अर्चना कर, बैठक में आये सभी पदाधिकारियों को स्वागत कर बैठक चर्चा प्रारंभ किया गया। बैठक में क्रमशः प्रथम बिन्दु में जिला के सभी पाँच ब्लॉक अध्यक्षों ने सामाजिक सर्वेक्षण के कार्य को पूर्णता की ओर बताया तथा शेष बचें कार्यो को एक सप्ताह के भीतर किये जाने का आश्वासन दिया।

इसी प्रकार द्वितीय विषय पर चर्चा कर जिला अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारियों तथा जिला प्रकोष्ठों में संशोधन और हटाने के बारे में जानकारी दी, जहाँ वर्तमान में जिला संयोजक, जिला उपाध्यक्ष, जिला महिला प्रकोष्ठ जैसे पद रिक्त हो गयें है। उस पर अतिशीघ्र नियुक्ति किया जायेगा । इसी क्रम में अतिरिक्त न्याय प्रकोष्ठ को हटाकर उस कार्य की जिम्मेदारी शीर्ष जिला पदाधिकारियों के साथ जोडना तथा जिला युवा प्रकोष्ठ को हटाने के संबंध में ब्लॉक अध्यक्षों की राय में इसे यथावत रखते हुए अगले जिला बैठक में विचार किया जायेगा, आगे कहा कि सामाजिक नियमावली व सामाजिक पुस्तका निर्माण भविष्य में जिला पदाधिकारी तथा सामाजिक वरिष्ठजनों द्वारा किया जायेगा।

बैठक के अंत में आवश्यक बिन्दु मोक्षधाम सांकरदाहरा में सेन जी महाराज के मंदिर निर्माण कार्य 70 प्रतिशत पूर्णता की ओर है । जिसमें मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हेतु आने वाले माह में वृहद सम्मेलन किये जाने विषय चर्चा किया गया।

जिला बैठक में सभा के अध्यक्ष सभापति जगदीश श्रीवास/घनश्याम सेन को बनाये गये। जिला सलाहकार दयानंद सेन, जिला महासचिव शेखर भारद्वाज, लल्लूराम कौशिक, संरक्षक कौशल सेन, जिला युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष शिव श्रीवास, जिला ग्रामीण केशशिल्प सेवा समित अध्यक्ष, नंदकुमार श्रीवास,मुख्य रूप से महेन्द्र सेन, जिला कार्यकारिणी सदस्य नारदराम, दिलेश्वर कुमार, पुनित सेन, रामनाथ श्रीवास, मोती श्रीवास, सालिकराम ब्लॉक अध्यक्षकों में घुमका से देवीलाल सेन, राजनांदगाँव से अनिल कौशिक, सुरगी सोमनी से नोहर लाल छुरिया से विजय भारद्वाज डोंगरगाँव से प्रवीण कौशिक जी और सभी ब्लॉक सर्किल के पदाधिकारी उपस्थित हुए ।

आज ढारा में राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि

डोंगरगढ़ (दावा)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की पुण्यतिथि कार्यक्रम ग्राम ढारा स्थित पटेल भवन में मनाया जाएगा। तत्पश्चात आयोजित बैठक में लोक सभा चुनाव की समीक्षा की जाएंगी। बैठक के दौरान 12 बजे डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के जन्मदिन का कार्यक्रम ढारा पंचायत भवन के पास केक कांटकर मनाया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, महिला ब्लॉक अध्यक्ष उनके पदाधिकारी, कांग्रेस के पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, जोन, सेक्टर, बूथ कमेटी के अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी वरिष्ठ कांग्रेस जन आप सभी इस कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की है। सभी कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के दिशा निर्देश में संपन्न होगा।

सीआरसीए राजनांदगांव में दो वर्षीय डिप्लोमा विशेष शिक्षा में नामांकन

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगता सशक्तिकरण संस्थान के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संचालित समेकित क्षेत्रीय केंद, राजनांदगांव छत्तीसगढ़ के द्वारा दो वर्षीय विशेष शिक्षा मे नामांकन भरना सुरू हुआ हैं। जिसका अंतिम तिथि 14 जून 2024 है, यह कोर्स भारतीय पुनर्वास परिषद नयी दिल्ली से मान्यता प्राप्त है. विकलांग बच्चों में यथार्थवादी आत्म-संकल्पना विकसित करना। स्कूल के विषयों में प्रभावशीलता के अधिकतम स्तर तक पहुंचना। प्रभावी जीवनयापन या विशिष्ट प्रकार के विकलांग बच्चे।

विशेष शिक्षा एक संशोधित कार्यक्रम है जिसमें कुछ शामिल हैं शिक्षण में सुधार के लिए अद्वितीय उपकरणए तकनीक और अनुसंधान प्रयास असाधारण बच्चों की आवश्यकता को पूरा करने की व्यवस्था। यह कुल नहीं है, अलग कार्यक्रम जो सामान्य बच्चों के लिए सौंपा गया है। लेकिन यह उपहार में दिए गए बच्चों, शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग और सामाजिक रूप से मंद बच्चों की सहायता के लिए प्रस्तावित एक प्रकार का डिज़ाइन जोड़ता है। जैसा कि यह एक नियोजित और व्यवस्थित रूप से उल्लिखित व्यवस्था है, अधिकांश औसत बच्चों को शिक्षा की इस श्रेणी में नहीं रखा जाता है। सामान्य स्कूलों में कुछ विशेष व्यवस्था के साथ विशेष शिक्षा प्रदान की जा सकती है या विशेष स्कूलों में विशेष शिक्षा का प्रारंभिक इतिहास काफी हद तक अलग स्कूलों का इतिहास थाय विशेष रूप से उन बच्चों के लिए जो अंधे या बहरे थे, समस्या जो भी हो, समाधान यह था कि बच्चे को उसी तरह की समस्या वाले अन्य बच्चों के साथ कक्षा में रखा जाए। यह और कुछ नहीं बल्कि विकलांगों को समाज की मुख्य धारा से बाहर करने के लिए था। इस प्रकार अलग, विशेष शिक्षा से जुड़े अर्थों में से केवल एक बन गया। लेकिन जैसे-जैसे विकलांगों के प्रति समाज की प्रतिक्रिया धीरे-धीरे शिक्षा के आलोचकों से दूर होने लगी।

विशेष शिक्षा कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए उसी शिक्षक या संबंधित क्षेत्र के किसी विशेषज्ञ द्वारा अतिरिक्त समय दिया जा सकता है जब एक अपराधी बच्चे के लिए एक परियोजना ली जाती है तो बच्चे को उसकी नियमित कक्षाओं में भाग लेने के लिए निर्देशित किया जा सकता है। उसे स्कूल द्वारा संचालित सभी पाठ्यचर्या और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। इसके अतिरिक्त उसे परामर्शदाता या स्कूल मार्गदर्शन अधिकारी या विशिष्ट शिक्षक के साथ उसकी विशेष समस्याओं से निपटने के लिए स्कूल में अतिरिक्त परामर्श घंटे सौंपे जा सकते हैं। कुछ कठिनाइयों वाले बच्चों को इस कक्षा में शामिल किया जा सकता है लेकिन सामान्य बच्चों को इसमें शामिल होने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस तरह के डिज़ाइन किए गए कार्यक्रमों से असाधारण बच्चे अपने व्यक्तिगत और शैक्षणिक प्रयासों में काफी हद तक सफलता प्राप्त करते हैं।

विशेष शिक्षा की आवश्यकता और महत्व :

1. विशेष शिक्षा विशेष कक्षाओं में औसत बच्चों और असाधारण बच्चों दोनों की मदद करती है। 2. मेधावी बच्चे सामान्य कक्षाओं में संतुष्ट नहीं होते हैं। वे अपनी संज्ञानात्मक क्षमताओं का प्रयोग करने की गुंजाइश नहीं रखते हैं। वे कार्यो को भी बहुत आसान महसूस करते हैं और इसे दूसरों की तुलना में बहुत जल्द पूरा करते हैं जिसके लिए वे व्यवहार संबंधी समस्याएं दिखाते हैं। लेकिन उनकी प्रतिभा नित्य है। मान्यता प्राप्त और कौशल और क्षमता का विकास अपना पूर्ण आकार लेता है, जबकि उन्हें एक विशेष उपचार के साथ समरूप समूहों में शामिल किया जाता है। 3. कभी-कभी श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित, अस्थि विकलांग और मानसिक रूप से मंद लोगों को विशेष उपचार की आवश्यकता होती है। इसलिए विशेष शिक्षा उन्हें अपने पर्यावरण के साथ शैक्षणिक गतिविधियों के साथ तालमेल बिठाने में मदद करती है। 4. विशेष शिक्षा केवल असाधारण बच्चों के लिए ही उपयोगी नहीं हैए यह शिक्षक को नेताओं और उनकी सीखने की कठिनाइयों को जानने में सहायता करती है। 5. विशेष शिक्षा बच्चों को अलग.अलग में भाग लेने के लिए प्रेरित करती है। सह पाठ्यक्रम गतिविधियां। इस प्रकार की भागीदारी बच्चों को उनके नेतृत्व गुणों और रचनात्मक आग्रहों को उजागर करने के लिए प्रदान करती है। 6. विशेष शिक्षा बच्चों को उनकी बौद्धिक क्षमताओं को नए सिरे से जानने और ज्ञान की विभिन्न धाराओं को जानने के लिए प्रेरित करती है, जिन्हें वे सामान्य कक्षा की स्थिति में कठिन महसूस करते हैं। 7. विशेष भवन सुविधाओंए विशेष उपकरण और विशेष साहित्यिक सामग्री सहित सुविधाओं के कारणए विशेष शिक्षा बच्चों को और अधिक प्रेरित करने के लिए प्रेरित करती है। यह तत्परता विकसित करता है और सीखने में कायरता। 8. इस विशेष शिक्षा कार्यक्रम में शिक्षक प्रशिक्षकोंए सलाहकारों, मनोचिकित्सकों, भाषण चिकित्सक और अन्य जैसे विभिन्न व्यक्तियों के शामिल होने से सीखना अधिक सार्थक और स्थायी हो जाता है। यह बच्चों की विभिन्न भावनात्मक समस्याओं को मिटा देता है और उन्हें उनकी सोचने की प्रक्रिया में अधिक सतर्क और तेज बनाता है। 9. विशेष शिक्षा शिक्षक को शैक्षिक स्थितियों में नई विधियों, प्रक्रियाओं, उपकरणों और तकनीकों को लागू करने में मदद करती है। 10. विशेष शिक्षा बच्चों में आंतरिकता की भावना की निंदा करती है। उन्हें एक साथ काम करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की अधिक स्वतंत्रता भी मिलती है।

विशेष शिक्षा का उद्देश्य:

1. विकलांगों में प्रेरक पैटर्न विकसित करना स्कूल में उपलब्धि का उत्पादन। 2. विकलांग बच्चों में यथार्थवादी आत्म.संकल्पना विकसित करना। 3. स्कूल के विषयों में प्रभावशीलता के अधिकतम स्तर तक पहुंचना। 4. उन पाठ्यचर्या संबंधी मामलों को आगे बढ़ाने के लिए जो रणनीतिक रूप से निर्धारित करते हैं प्रभावी जीवनयापन या विशिष्ट प्रकार के विकलांग बच्चे। 5. विकलांग स्कूली बच्चों की मानसिक और शारीरिक स्वच्छता पर विचार करना। 6. विकलांगों में गैर-विकलांग व्यक्तियों की गतिविधियों में भाग लेने की इच्छा पैदा करना।

पहला कॉलम...

पतंजलि की सोन पापड़ी का सैंपल फेल, एजीएम समेत 3 को जेल

पिथौरागढ़। बाबा रामदेव की पतंजलि की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में पतंजलि की सोन पापड़ी का सैंपल फेल होने पर पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर (एजीएम), डिस्ट्रीब्यूटर कान्हा जी प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर और एक व्यापारी को छह-छह माह की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा कोर्ट ने तीनों पर अर्थदंड भी लगाया। दरअसल 17 सितंबर 2019 को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के जिला सुरक्षा अधिकारी ने बेरीनाग बाजार में लीलाधर पाठक की दुकान से पतंजलि नवरत्न इलायची सोनपापड़ी के सैंपल लिए थे। सैंपल को जांच के लिए रुद्रपुर के जांच लैब में भेजा गया था। जांच में सोनपापड़ी के सैंपल मानकों के विपरीत पाए गए यानी कि फेल हो गए। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धारा 59 के तहत सजा सुनाई गई है। असिस्टेंट मैनेजर को 50 हजार और अन्य 2 दोषियों को 10 और 25 हजार रुपये जुर्माना भरना होगा। मामले में शिकायतकर्ता की ओर से रितेश वर्मा ने पैरवी की।

इंडोनेशिया पहुंचे एलन मस्क, स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस करेंगे लॉन्च

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस लॉन्च करने इंडोनेशिया पहुंचे। मस्क पहली बार इंडोनेशिया गए हैं। वे इंडोनिशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस लॉन्च करेंगे। समुद्री मामलों और निवेश के समन्वय मंत्री लुहुत पंडजैतन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, आज सुबह उन्हें मस्क को एयरपोर्ट से पिकअप करने का मौका मिला। वह कई महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने आए हैं, जिसमें से एक स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस का लॉन्च भी है। इससे इंटरनेट को पूरे इंडोनेशिया में पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने आगे कहा, इंडोनेशिया के हर कोने में इंटरनेट उपलब्ध होने से स्वास्थ्य एवं शिक्षा में डिजिटाइजेशन को लागू किया जा सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि मस्क बाली में होने वाली वर्ल्ड वाटर फोरम पर भी बोलने वाले हैं। इस महीने की शुरुआत में स्टारलिंक ने अपने यूजर्स को बताया था कि सौर तूफान आने के कारण स्टार लिंक की सेवाओं में कमी आएगी। मस्क ने भी इस सौर तूफान पर पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा था कि इसके कारण स्टारलिंक फ्लीट पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव पड़ा है।

नेपाल के पीएम प्रचंड ने 18 महीने में चौथी बार जीता विश्वास मत

नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री ने पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने एक बार फिर विश्वास मत हासिल कर लिया है. प्रचंड कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) के नेता हैं, यह चौथी बार है जब प्रचंड ने सदन में विश्वास मत प्राप्त किया. नेपाल की संसद में सोमवार को विश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान हुए. 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में प्रचंड को 157 सदस्यों ने समर्थन दिया. कम्युनिष्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) यानी सीपीएन प्रतिनिधि सभा में तीसरा सबसे बड़ा दल है. सीपीएन को नेपाल की कम्युनिष्ट पार्टी का भी समर्थन मिला है. नेपाल से आ रही खबरों के मुताबिक, प्रचंड नेपाल में गठबंधन की सरकार चला रहे थे. नेपाल में गठबंधन के किसी भी सदस्य के हटने के बाद वहां के प्रधानमंत्री को नेपाल की संसद में दोबारा विश्वास मत प्राप्त करना होता है. मतदान में कुल 158 सांसदों ने हिस्सा लिया, मुख्य विपक्षी नेपाली कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार किया. वहीं एचओआर के एक सदस्य ने किसी को समर्थन नहीं दिया. दरअसल, पिछले सप्ताह गठबंधन सरकार के सहयोगी दल जनता समाजवादी पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया था, जिसकी वजह से एक भार फिर प्रचंड को विश्वास मत हासिल करना पड़ा.

बर्बरता के दो मामले में इमरान खान को अदालत ने किया बरी

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को लंबे अरसे बाद थोड़ी राहत मिली है। पाकिस्तान की एक सत्र अदालत ने सोमवार को जेल में बंद खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं को बर्बरता के दो मामलों में बरी कर दिया। बर्बरता के मामला मार्च 2022 के लंबे मार्च से जुड़ा

लीग स्टेज में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज, मैक्सवेल-सूर्या के नाम शून्य का अनचाहा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 का लीग राउंड खत्म हो चुका है। मंगलवार से प्लेऑफ राउंड की शुरुआत होने जा रही है। दो क्वालिफायर और एक एलिमिनेटर के बाद रविवार को फाइनल खेला जाएगा। लीग राउंड में कई बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिले। इस दौरान कई रिकॉर्ड्स भी टूटे। सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों से लेकर, उच्चतम स्कोर और सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड टूट चुका है। इस सीजन बल्लेबाजों ने खुलकर अपने शॉट्स खेले और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट भी जबरदस्त रहा। हम आपको इस सीजन अब तक सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों के बारे में बता रहे हैं।

मैकगर्क और अभिषेक सीजन के उभरते सितारे

इस सत्र में कम से कम 300 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे बेहतरीन स्ट्राइक रेट जेक फ्रेजर मैकगर्क का रहा है। उन्होंने नौ पारियों में 234.04 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए। हालांकि, उनकी टीम दिल्ली प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाई। वहीं, दूसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा हैं। इस भारतीय बल्लेबाज ने इस सीजन 13 पारियों में 209.41 के स्ट्राइक रेट से 467 रन बनाए हैं। अगर प्लेऑफ में अभिषेक का बल्ला चलता है तो उनकी टीम खिताब भी जीत सकती है। तीसरे नंबर पर अभिषेक के ही ओपनिंग पार्टनर ट्रेविस हेड हैं। हेड ने इस सीजन 12 पारियों में 201.13 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं। हेड का फॉर्म पिछले साल हुए वनडे विश्व कप से ही बेहतरीन रहा है। अगर प्लेऑफ में अभिषेक और हेड टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाने में कामयाब रहते हैं तो उनकी टीम को चैंपियन बनने से कोई नहीं रोक सकेगा।

कार्तिक ने बल्ले ने भी इस सीजन उगले रन

इस लिस्ट में चौथे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 38 वर्षीय बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हैं। कार्तिक भले ही आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने गए हों, लेकिन उनका बल्ला खूब चला है। कार्तिक ने इस साल आईपीएल में 12 पारियों में 195.65 के बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 315 रन बनाए हैं। वहीं, पांचवें नंबर पर दिल्ली के ट्रिस्टन स्टब्स हैं। स्टब्स ने इस साल आईपीएल में 13 पारियों में 190.90 के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए हैं। हालांकि, ये आंकड़े उन बल्लेबाजों के हैं जिन्होंने इस सत्र में 300 से ज्यादा रन बनाए हैं।

धोनी का स्ट्राइक रेट भी रहा है शानदार

इस पैमाने को यानी कम से कम 300 रन बनाने वाले बल्लेबाजों के पैमाने को निकाल दिया जाए तब भी सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों में जेक मैकगर्क शीर्ष पर हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर महेंद्र सिंह धोनी की एंट्री हो जाएगी। उन्होंने इस साल 220.54 के स्ट्राइक रेट से 11 पारियों में 161 रन बनाए। इसके अलावा अभिषेक तीसरे पर, जबकि चौथे नंबर पर केकेआर के रमनदीप होंगे। उन्होंने इस साल आईपीएल में 201.61 के स्ट्राइक रेट से नौ पारियों में 125 रन बनाए हैं। इसके बाद पांचवें नंबर पर ट्रेविस हेड हैं।

मैक्सवेल-सूर्या के नाम अनचाहा रिकॉर्ड

वहीं, आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल और मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार के लिए यह सत्र कुछ खास नहीं रहा है। मैक्सवेल ने जहां आठ पारियों में 123.80 के स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए। वहीं, सूर्या ने 11 पारियों में 167.47 के स्ट्राइक रेट से 345 रन बनाए। इसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। हालांकि, इन दोनों के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। मैक्सवेल और सूर्या इस सीजन सबसे ज्यादा बार खाता खोले बिना आउट होने वाले बल्लेबाज भी हैं। ये दोनों इस सत्र में तीन-तीन बार शून्य पर आउट हुए हैं। मैक्सवेल और सूर्या दोनों ही आगामी टी20 विश्व कप में अपनी-अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। दोनों में अपने दम पर मैच पलटने की काबिलियत है। हालांकि, टी20 विश्व कप में इनका प्रदर्शन कैसा रहेगा यह तो देखने वाली बात होगी।

इंटर मिलान ने जीता सीरी ए खिताब

रोम। लाजियो के खिलाफ मैच के दौरान इंटर मिलान के फैंस की सांसें लगभग रुक गई थीं, लेकिन डेंज़ल डमफ्रिज के गोल ने इंटर मिलान को हार से बचा लिया। इसके बाद इंटर ने लाजियो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के बाद सीरी ए ट्रॉफी पर कब्जा किया।

20
CAMPIONI D'ITALIA

इंटर ने पहले ही अप्रैल में अपना 20वां सीरी ए खिताब सुरक्षित कर लिया था और अपनी मजबूत टीम के साथ अपने अंतिम घरेलू मैच में प्रवेश किया था। इस मुकाबले में मार्कस थुरम ने शुरुआती मिनटों में एक सुनहरा मौका गंवा दिया, जब लाजियो के गोलकीपर इवान प्रोवेडेल ने उनके शॉट का शानदार बचाव किया। इसके बाद भी कई ऐसे मौके आए जब दोनों टीमों की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया।

हालांकि, 32वें मिनट में दाइची कामदा के गोल से लाजियो ने बढ़त बना ली। यहां से इंटर मिलान की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही थी, लेकिन इंटर ने 87वें मिनट में स्कोर 1-1 से बराबर किया। इंटर के लिए यह गोल डेंज़ल डमफ्रिज़ ने किया।

एक राउंड शेष रहते इंटर ने 93 अंक अर्जित कर लिए हैं, जबकि लाजियो ने सातवां स्थान हासिल किया।

भारत की दीप्ती जीवनजी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर जीता गोल्ड, पैरा एथलेटिक्स में लहराया तिरंगा

JEEVANJI
263

नई दिल्ली।भारत की दीप्ती जीवनजी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल जीत लिया. दीप्ती जीवनजी ने टी-20 में 400 मीटर की दौड़ में वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया. उन्होंने 400 मीटर की दौड़ 55.07 सेकेंड में पूरी की. दीप्ति ने अमेरिकी एथलीट ब्रेना क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने पेरिस में हुए वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था.

अमेरिका की ब्रेना क्लार्क ने पेरिस की वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 55.12 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम किया था, जो अब टूट गया. पेरिस में तुर्की की आयसेल ओन्डर ने 55.19 सेकेंड में और इक्वाडोर की लिजानशेला एंगुलो ने 56.68 सेकेंड में रेस खत्म की थी. आयसेल ओन्डर दूसरे और लिजानशेला एंगुलो तीसरे पायदान पर रही थीं.

इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने रविवार को हुए हीट में 56.18 सेकेंड का वक़्त लेकर फाइनल में जगह पक्की की थी. उन्होंने 56.18 सेकेंड के साथ एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था. लेकिन अब दीप्ति ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड भारत की झोली में डाल दिया. दीप्ति ने 20 साल की उम्र में पहला वर्ल्ड टाइटल जीता. उन्होंने 2022 में दौड़ना शुरू किया था.

बता दें कि वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में अब तक भारत की झोली में कुल चार मेडल आ चुके हैं. दीप्ति ने भारत को पहला गोल्ड दिलवाया. इससे पहले 1 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल आए थे. अब देखना दिलचस्प होगा कि भारत की झोली में कुल कितने मेडल आ पाते हैं.

गौरतलब है कि वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 की शुरुआत 17 मई, शुक्रवार से हुई थी. चैंपियंशिप का अंत 25 मई, शनिवार को होगा.

अली बघेरी कानी बने ईरान के कार्यवाहक विदेश मंत्री

नई दिल्ली। हेलिकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियान की मौत के बाद अली बघेरी कानी को ईरान का कार्यवाहक विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है. ईरान सरकार की कैबिनेट ने सोमवार को यह फैसला लिया. अली बघेरी कानी इसके पहले उप विदेश मंत्री थे, होसैन अमीर की मौत के बाद इनको कार्यवाहक विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है. अली बघेरी कानी ईरान की सरकार में काफी सक्रिय नेताओं में गिने जाते हैं. इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी के हवाले से रॉयटर्स ने जानकारी साझा की है. रायटर्स ने बताया कि ईरान के मुख्य परमाणु वार्ताकार के रूप में भी अली बघेरी कानी को जाना जाता है. अली बघेरी कानी 4 अगस्त, 2022 को ऑस्ट्रिया के विएना रवाना हुए थे. बताया जाता है कि वहां बंद कमरे में परमाणु वार्ता हुई थी.

साइबर क्राइम रोकने सरकार का एक्शन

नई दिल्ली। ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर क्राइम सरकार के लिए चिंता का विषय बन गए हैं. अब इनके खिलाफ सरकार की तरफ से बड़ा एक्शन होने जा रहा है. देश में 18 लाख से ज्यादा संदिग्ध सिम बंद होने वाले हैं. सभी टेलीकॉम कंपनियां इस सर्जिकल स्ट्राइक में सरकार का साथ देंगी. कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इन संदिग्ध सिमों के खिलाफ जांच की थी. इसमें पाया गया कि इन सिम कार्ड की मदद से कई तरह के वित्तीय अपराध किए जा रहे हैं. इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जांच के दौरान पता चला है कि एक-एक मोबाइल में हजारों सिम कार्ड का प्रयोग किया जा रहा है. डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशंस ने टेलीकॉम कंपनियों को 9 मई को आदेश दिया था कि 28220 मोबाइल फोन और लगभग 20 लाख सिम कार्ड का गलत इस्तेमाल किए जाने की आशंका है. इनमें से 18 लाख सिम और हजारों मोबाइल फोन पर गाज गिरना तय माना जा रहा है.

ज्योतिष चमत्कार (20 मई 2024)

कल्याण

सोम	6	7	8	9
	62	76	84	90
मंगल	7	8	9	0
	78	86	98	02
बुध	8	9	0	1
	80	96	04	10
गुरू	9	0	1	2
	92	06	18	24
शुक्र	0	1	2	3
	08	14	26	36
शनि	1	2	3	4
	12	28	30	42

राजधानी नाईट

सोम	1	2	3	4
	19	23	39	41
मंगल	2	3	4	5
	25	37	43	59
बुध	3	4	5	6
	35	45	57	63
गुरू	4	5	6	7
	47	53	65	75
शुक्र	5	6	7	8
	51	67	79	81

अंकों का बादशाह				0
सप्ताह का वरदान				9
सप्ताह में अचूक	3	4	5	8
स्पेशल	31	42	56	87

अंकों का बादशाह				0
सप्ताह का वरदान				9
सप्ताह में अचूक	1	5	6	7
स्पेशल	12	53	64	78

सप्ताह में देखें

1	13	15	17	19
2	21	23	25	29
3	31	35	37	39
4	41	43	45	47
5	51	53	57	59
6	63	65	67	69
7	71	73	75	79
8	81	85	87	89
9	91	93	95	97
0	01	03	07	09

सप्ताह में देखें

1	12	14	18	10
2	24	26	28	20
3	32	34	36	30
4	42	46	48	40
5	52	54	56	58
6	62	64	68	60
7	74	76	78	70
8	82	84	86	80
9	92	96	98	90
0	02	04	06	08

अंक आपके पत्ते हमारे

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
128	138	148	149	140	123	160	134	234	127
245	129	238	130	230	150	250	233	379	136
489	237	490	239	357	259	278	279	225	280
290	570	670	680	456	349	458	260	270	479
344	228	355	789	339	790	449	125	126	677

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

कल्याण

03	49	42	78	67	02
33	92	58	60	08	24
27	21	83	79	01	44
98	40	45	96	53	30

राजधानी

28	18	29	48	05
21	49	14	56	52
05	46	96	18	64
42	50	80	08	20

2023 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -23-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्रथम पेज का शेष

कवर्धा में भीषण सड़क हादसा....

पिकअप में सवार थे 36 लोग - एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि थाना कुकदूर क्षेत्र के तहत ग्राम बाहपानी के पास पिकअप वाहन खाई में गिरा है। पिकअप में 36 लोग सवार थे जो तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। सभी वापस आ रहे थे तभी ये हादसा हुआ है। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना स्थल में मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता, जंगल और पहाड़ी एरिया है। घटना स्थल से कुकदूर तहसील मुख्यालय करीब 35 किमी दूर है।

हादसे पर सीएम साय ने भी जताया शोक - हादसे पर सीएम साय ने दुख जताते हुए कहा कि कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास पिकअप पलटने से 18 ग्रामीणों के निधन एवं 7 के घायल होने का दुःखद समाचार प्राप्त हो रहा है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश ज़िला प्रशासन को दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जताया दुख- डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने दुख जताते हुए कहा कि कवर्धा में मजदूरों से भरा वाहन पलटने से 18 लोगों के निधन की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपनों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने हादसे पर जताया दुख- हादसे पर दुख जताते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम बाहपाली में तेंदूपत्ता संग्राहकों के पिकअप वैन की सड़क दुर्घटना का समाचार पीड़ादायक है। दुर्घटना में असमय काल कलवित हुए श्रमिकों एवं बैगा आदिवासियों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। शोक की इस घड़ी में हम सब की संवेदनाएं मृतकों के परिवारों के साथ हैं।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण...

जिन प्रमुख प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य तय होना है, उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी (रायबरेली), केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी (अमेठी), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला (बारामूला), लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान (हाजीपुर) और भारतीय जनता पार्टी के जुएल ओरांव (सुंदरगढ़) भी शामिल हैं। इसके अलावा इस चरण में केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य के भाग्य का ईवीएम में दर्ज हो गया।

इस चरण में उत्तर प्रदेश की जिन 14 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें मोहनलाल गंज (सुरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (सु.), झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (सु.), बाराबंकी (सु.), फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें सुरक्षित हैं। महाराष्ट्र में धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, थाने, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण संसदीय सीटों पर मतदान होगा। बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव हुआ, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं। इसके अलावा ओडिशा में बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, झारखंड में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, पश्चिम बंगाल में बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग है। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक मात्र संसदीय सीट के लिये मतदान हुआ। वर्ष 2019 के चुनाव में इन 49 सीटों में से 32 पर भाजपा, सात पर शिवसेना (अविभाजित) और चार पर तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों को सफलता मिली थी। पांचवें चरण में 49 सीटों पर कुल 8.95 करोड़ लोगों को मताधिकार प्राप्त था जिनमें 4.69 करोड़ पुरुष और 4.26 करोड़ महिला मतदाता है।

इस चरण में बहुजन समाज पार्टी 46 सीटों पर, भाजपा 40, कांग्रेस 18, समाजवादी पार्टी 10, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) सात, तृणमूल कांग्रेस सात, शिवसेना छह, बीजू जनता दल पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पांच, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चार, राष्ट्रीय जनता दल चार तथा आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने चार सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे। ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण की 35 सीटों में बीजू जनता दल और भाजपा 35-35, कांग्रेस 33 और आम आदमी पार्टी 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। दूसरे चरण में इन सीटों पर 41 महिलाओं सहित 265 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनका 79.70 लाख मतदाताओं के हाथ में था। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक इस चुनाव में कांटाभांजी और हिंजली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 और चौथे में 96 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये हैं। पहले चार चरणों में 45.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान किया है और इन चरणों में औसतन 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे और सातवें चरण में क्रमशः 25 मई और एक जून को मतदान कराये जायेंगे।

जम्मू-कश्मीर के लोगों ने बताया ....

पांचवें चरण की इन सीटों पर हुआ इतने प्रतिशत वोट- बारामुला में इससे पहले 1984 में 58.84 प्रतिशत हुआ था। ऐसे में यह दूसरी बार है जब यहां इतने बड़े पैमाने पर मतदान हुआ है। आयोग के मुताबिक पांचवें चरण की इन सीटों पर 2019 में औसतन 62 फीसद मतदान हुआ था। हालांकि आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें तो अंतिम आंकड़ों में मतदान प्रतिशत चार से पांच प्रतिशत तक बढ़ सकता है। गौरतलब है कि लोकसभा के इससे पहले हो चुके चार चरणों में पहले चरण में 66.14 प्रतिशत, दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत, तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत और चौथे चरण में 69.14 प्रतिशत मतदान हुआ है।

राहुल गांधी और स्मृति ईरानी की किस्मत ईवीएम में हुई कैद- पांचवें चरण में लोकसभा की जिन 49 सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ है, उनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ सीट, राहुल गांधी की रायबरेली सीट और स्मृति ईरानी की अमेठी सीट भी शामिल है। इन सभी की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत...

पर कहा था कि सिसोदिया जमानत पर रिहा होने के हकदार हैं। सिसोदिया ने कहा था कि उनके भागने का कोई खतरा नहीं है और वह 14 महीने से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं। जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने कहा था कि घोटाले में सियोदिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हुसैन ने तर्क दिया था कि उपमुख्यमंत्री होने के साथ ही पार्टी में वह एक प्रमुख व्यक्ति थे। इतना ही नहीं सिसोदिया पर सबूत नष्ट करने का संदेह है।

हेलिकॉप्टर क्रैश के 15 घंटे बाद मिला रईसी ...

रेस्क्यू ऑपरेशन 15 घंटा चला। सोमवार सुबह 10 बजे ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी (63) और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन की मौत की पुष्टि हुई। ईरान के राष्ट्रपति रईसी की मौत की घोषणा ईरान के सबसे अहम शिया तीर्थस्थल इमाम रजा के मकबरे से की गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, यह मकबरा उसी शहर मशहद में मौजूद है, जहां रईसी का जन्म हुआ था।

कनाडा, अमेरिका और अरब समेत...

के आदान-प्रदान से मिली है। इसमें अनिकेत सक्सेना (कोऑर्डिनेटर ऑफ आप ओवरसीज इंडिया), कुमार विश्वास (आप के ओवरसीज इंडिया के तत्कालीन संयोजक), कपिल भारद्वाज (तत्कालीन आप सदस्य) और दुर्गेश पाठक के ईमेल भी शामिल हैं। क्या है FCRA - एफसीआरए का पूरा नाम फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट है। जिसे हिंदी में विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम कहा जाता है। इसे साल 1976 में बनाया गया था और 2010 में इसमें संशोधन किया गया। एफसीआरए विदेशी चंदा लेने के लिए इजाजत तो देती ही है साथ ही विदेश से मिल रहे फंडिंग पर नजर भी रखती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जो फंडिंग मिल रही है उसका उद्देश्य क्या है और क्या वह किसी तरह की आतंकी फंडिंग तो नहीं है। इसके अलावा सुरक्षा संबंधी जानकारी भी रखना एफसीआरए का काम है।

कटनी के 'कुबेरों' के घर इनकम टैक्स..

150 करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। बावजूद इसके पूरी कार्रवाई लगातार जारी है। जो करीब दो दिन और चलाने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, आयकर विभाग की कार्रवाई से माधवनगर के अन्य बड़े कारोबारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

नरसिंह जयंती, जानें पूजा की विधि, शुभ मुहूर्त और महत्व

भगवान नरसिंह को विष्णु जी का रौद्र अवतार माना जाता है। भगवान विष्णु के दस अवतारों में ये चौथे अवतार हैं। नरसिंह भगवान का मुंह सिंह का जबकि शरीर मनुष्य का है। अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए विष्णु जी ने यह अवतार धारण लिया था। हर साल वैशाख मास में नरसिंह जयंती आती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि साल 2024 में नरसिंह जयंती कब है, इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा।

नरसिंह जयंती 2024

हिंदू पंचाग के अनुसार, हर साल वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नरसिंह जयंती मनाई जाती है। साल 2024 में यह तिथि 21 मई को है। चतुर्दशी तिथि का आरंभ 21 मई की शाम को 5 बजकर 40 मिनट से होगा और 22 मई शाम 6 बजकर 44 मिनट तक यह तिथि व्याप्त रहेगी। भगवान नरसिंह की पूजा शाम के समय किये जाने का विधान है, इसलिए नरसिंह जयंती 21 मई को ही मनाई जाएगी।

नरसिंह जयंती पूजा मुहूर्त और विधि

भगवान नरसिंह की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 21 मई को 5 बजकर 45 मिनट से 7 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। इस दौरान नरसिंह भगवान की आराधना करने से आपको शुभ फलों की प्राप्त होगी। आइए अब जान लेते हैं कि नरसिंह जयंती के दिन आपको पूजा किस तरह से करनी चाहिए।

पूजा-विधि

नरसिंह भगवान की पूजा शाम के समय करने का विधान है। नरसिंह जयंती के दिन आपको सुबह तो स्नान-ध्यान करना ही चाहिए, लेकिन शाम के समय पूजा से पहले भी स्वच्छ होना चाहिए। इसके बाद पूजा स्थल पर भगवान नरसिंह की प्रतिमा या तस्वीर आपको स्थापित करनी चाहिए। प्रतिमा स्थापित करने के बाद पंचामृत से भगवान का अभिषेक करना चाहिए और चंदन का तिलक लगाना चाहिए। इस दिन संभव हो तो देशी घी का दीपक भगवान के सामने जलाएं। इसके बाद नीचे दिए गए मंत्रों का जप करें।

ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्।
नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु मृत्युं नमाम्यहम्।।
ॐ नृम नरसिंहाय शत्रुबल विदीर्नाय नमः।।
'नृम मलोल नरसिंहाय पूरय-पूरय'

इन मंत्रों का यथासंभव जप करने के बाद पूजा के अंत में आपको नरसिंह भगवान की आरती करनी चाहिए। अगर व्रत रखने वाले हैं तो, व्रत का पारण अगली तिथि को किया जाना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि नरसिंह भगवान की पूजा आराधना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

नरसिंह जयंती का महत्व

नरसिंह जयंती को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रह्लाद के भक्ति भाव से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया था और हिरण्यकश्यप का वध किया था। नरसिंह जयंती के दिन व्रत रखने और भगवान नरसिंह की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और साथ ही ग्रह-दोष से भी आप मुक्त होते हैं। नरसिंह भगवान के आशीर्वाद से भक्त विपरीत परिस्थितियों में भी, अच्छे परिणाम पा सकते हैं। विष्णु भगवान के नरसिंह अवतार की पूजा करने से आपके तेज और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

क्या आपकी हथेली पर भी है विष्णु चिह्न?

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हथेली पर बनने वाले चिह्नों से हमारे जीवन के कई राज खुलते हैं। हथेली पर बनने वाले कई चिह्नों में से एक है विष्णु चिह्न। आज हम आपको अपने इस लेख में जानकारी देंगे कि ये निशान हथेली में बनता कैसे है और इसका आपके जीवन पर क्या असर देखने को मिलता है।

हथेली में कैसे बनता है विष्णु चिह्न

हथेली की तर्जनी उंगली के ठीक नीचे होता है गुरु पर्वत। इस पर्वत पर अगर अंग्रेजी के (1) अक्षर की तरह आकृति आपको दिखाई देती है तो इसे विष्णु चिह्न कहा जाता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली पर ये चिह्न बनता है उनपर भगवान विष्णु की विशेष कृपा होती है। ऐसे लोगों को जीवन में कई शुभ परिणाम देखने को मिल सकते हैं। आइए अब जानते हैं विष्णु चिह्न का आपके जीवन पर असर।



विष्णु चिह्न का आपके जीवन पर असर

जिन लोगों की हथेली पर विष्णु चिह्न बना होता है उनको आकर्षक और समझदारा माना जाता है। ऐसे लोग अपने कार्यों से समाज में अच्छे बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। कला के क्षेत्रों में इनको सफलता प्राप्त हो सकती है, इसके साथ ही कला के क्षेत्र में ये अपना करियर भी बना सकते हैं।

इन लोगों के विरोधी बहुत कम होते हैं और अगर कोई इनसे बैर रखता भी है तो उसे भी ये अपनी बातों से दोस्त बनाने की काबीलियत रखते हैं।

धार्मिक गतिविधियों में इन लोगों की विशेष रुचि होती है। भगवान विष्णु की कृपा से ये आध्यात्म के क्षेत्र में भी सफल हो सकते हैं।

विष्णु चिह्न हथेली पर होने से देव गुरु बृहस्पति की कृपा भी आपको प्राप्त होती है, इसके प्रभाव से आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहता है। घर में धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती और ऐसे लोग अपने साथ-साथ अन्य लोगों का भला करने वाले भी माने जाते हैं।

हथेली में विष्णु चिह्न जितना स्पष्ट और साफ होगा उतना ही इसका असर भी बढ़ जाएगा। हालांकि अगर ये चिह्न कटा हुआ हो या अस्पष्ट हो तो इसके प्रभाव में कमी आ सकती है।

हथेली में विष्णु चिह्न है तो इन चीजों से करें परहेज

विष्णु चिह्न को बेहद पवित्र माना जाता है। अगर आपकी हथेली पर ये चिह्न है तो भगवान विष्णु की कृपा आप पर बरसती है, हालांकि कुछ सावधानियां आपको जीवन में बरतनी चाहिए। अगर हाथ में विष्णु चिह्न है तो गलती से भी मांसाहार और शराब का सेवन आपको नहीं करना चाहिए। इससे विष्णु चिह्न का प्रभाव खत्म हो सकता है। ऐसे लोग अगर अत्यधिक वासना जनित विचारों से घिरे रहते हैं तो प्रभु कृपा इन्हें प्राप्त नहीं होती। अगर ऐसे लोग सात्विक जीवन जीते हैं और धर्म के मार्ग पर चलते हैं तो इन्हें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

वैशाख पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की इस तरह करें पूजा, आय और सौभाग्य में होगी वृद्धि

हर महीने पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता हैं। हिंदू धर्म में वैशाख माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को अधिक शुभ माना गया है। इस वर्ष वैशाख पूर्णिमा 23 मई को है। पूर्णिमा तिथि पर चंद्र देव, भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन पूजा करने से दुख और दरिद्रता दूर होती है।

अगर आप आय और सौभाग्य में वृद्धि चाहते हैं, तो वैशाख पूर्णिमा के दिन पूजा के दौरान सच्चे मन से महालक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करें। इससे जातक पर मां लक्ष्मी का कृपा बनी रहती है। आइए पढ़ते हैं महालक्ष्मी स्तोत्र।

शंखचक्रगदाहस्ते महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते गरुडारूढे कोलासुरभयंकरि।
सर्वपापहरे देवि महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
सर्वज्ञे सर्ववरदे देवी सर्वदुष्टभयंकरि।
सर्वदुःखहरे देवि महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
सिद्धिबुद्धिप्रदे देवि भुक्तिमुक्तिप्रदायिनि।
मन्त्रपूते सदा देवि महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
आद्यन्तरहिते देवि आद्यशक्तिमहेश्वरि।
योगजे योगसम्भूते महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
स्थूलसूक्ष्ममहारौद्रे महाशक्तिमहोदरे।
महापापहरे देवि महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
पद्मासनस्थिते देवि परब्रह्मस्वरूपिणी।
परमेशि जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
श्वेताम्बरधरे देवि नानालंकारभूषिते।
जगत्स्थिते जगन्मातर्महालक्ष्मी नमोऽस्तु ते।।
महालक्ष्म्यष्टकं स्तोत्रं यः पठेद्भक्तिमान्नरः।
सर्वसिद्धिमवाप्नोति राज्यं प्राप्नोति सर्वदा।।
एककाले पठेन्नित्यं महापापविनाशनम्।
द्विकालं यः पठेन्नित्यं धन्यधान्यसमन्वितः।।
त्रिकालं यः पठेन्नित्यं महाशत्रुविनाशनम्।
महालक्ष्मीर्भवेन्नित्यं प्रसन्ना वरदा शुभा।।

सुनहला पहनने से खुल सकते हैं किस्मत के ताले

वैदिक ज्योतिष अनुसार व्यक्ति की कुंडली में कोई ग्रह अशुभ स्थित हो तो उस ग्रह से संबंधित रत्न धारण करने ग्रह के अशुभ प्रभाव को कम किया जा सकता है। साथ ही व्यक्ति को सुख- समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। यहां यहां हम बात करने जा रहे हैं सुनहला उपरत्न के बारे में, जिसका संबंध गुरु ग्रह से माना जाता है। सुनहला पुखराज का उपरत्न होता है। लेकिन पुखराज बेहद मंहगा आता है। इसलिए जिन लोगों का बजट नहीं वो लोग सुनहला धारण कर सकते हैं। इसे धारण करने से समाज में मनुष्य के मान-सम्मान में वृद्धि होती है। साथ ही व्यक्ति की धन संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। आइए जानते हैं सुनहला धारण करने की सही विधि और किन राशि वालों को ये करता है सूट....

ऐसा होता है सुनहला

सुनहला पीले रंग का होता है। साथ ही यह पुखराज की तरह की दिखता है। बाजाार में सुनहला काफी सस्ता मिल जाता है। वहीं सुनहला बाजार में 3 से 4 वैरायिटी का मिल जाता है। वहीं जो लोग सुनहला रत्न धारण करते हैं, उन पर मां लक्ष्मी की कृपा सदैव बनी रहती है। साथ ही सुनहला धारण करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है।

ये लोग कर सकते हैं सुनहला धारण

वैदिक ज्योतिष अनुसार अगर आपकी कुंडली में गुरु ग्रह उच्च (सकारात्मक) शुभ स्थित हैं, तो आप इस रत्न को पहन सकते हैं। वहीं कर्क लग्न के लोग इस रत्न को धारण कर सकते हैं क्योंकि गुरु बृहस्पति आपके भाग्य के स्वामी होते हैं। साथ ही मीन राशि- लग्न, धनु राशि- लग्न वाले भी सुनहला पहन सकते हैं। वहीं अगर गुरु आपकी जन्म कुंडली में कमजोर स्थित हो तो भी सुनहला धारण कर सकते हैं। साथ ही अगर गुरु ग्रह सकारात्मक स्थित है तो भी आप सुनहला धारण कर सकते हैं।

इस विधि से करें धारण

सुनहला रत्न को बाजार से कम से कम 8 से सवा 9 रत्नी का खरीदना चाहिए। वहीं इस रत्न को गुरुवार के दिन पहन सकते हैं। वहीं सुनहला को चांदी के धातु में धारण कर सकते हैं। साथ ही सुनहला को गंगाजल और गाय के कच्चे दूध से अंगूठी को शुद्ध करके धारण कर लें।

नौतपा में जरूर करें वृक्षारोपण

धार्मिक ग्रंथों में वृक्षारोपण का महत्व बताया गया है. खासकर नौपता के दिनों में पेड़-पौधे लगाना बहुत ही पुण्यदायी माना गया है. ऐसा करने से ग्रह-दोष शांत होते हैं और पितृ प्रसन्न होते हैं. धार्मिक और ज्योतिष मान्यता के अनुसार सूर्य देव जितने दिनों तक रोहिणी नक्षत्र में रहते हैं, उतने दिन धरती पर भीषण व प्रचंड गर्मी पड़ती है. क्योंकि सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही चंद्रमा का प्रभाव कम हो जाता है, जोकि शीतलता के कारक माने जाते हैं. नौतपा कब से कब तक वैसे तो नौतपा के 9 दिनों में प्रचंड गर्मी पड़ती है. लेकिन हिंदू धर्म में नौतपा का विशेष महत्व होता है. इस वर्ष नौतपा की शुरुआत 25 मई से हो रही है जोकि 2 जून 2024 तक रहेगा. ज्योतिष के अनुसार 25 मई को सुबह 03 बजकर 16 मिनट पर सूर्य देव चंद्रमा के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करेंगे. इसके बाद 2 जून को मृगशिरा नक्षत्र में जाएंगे. ऐसे में जब तक सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे लोगों को प्रचंड गर्मी का अहसास होगा. बता दें कि नौतपा ग्रीष्म ऋतु की सबसे अधिक गर्मी वाला दिन होता है. बढ़ती गर्मी मनुष्यों के लिए तो असहनीय हो ही जाती है. इसी के साथ प्रकृति पर भी प्रचंड गर्मी का प्रभाव पड़ता है. इसलिए शास्त्रों में इस दौरान पेड़-पौधे लगाने और इसकी सिंचाई करने के महत्व के बारे में बताया गया है. इस समय वृक्षारोपण करने से बहुत पुण्य मिलता है. वहीं जीवनकाल में पेड़-पौधे लगाने से मरने के बाद नरक का मुख भी नहीं देखना पड़ता है. आइये जानते हैं नौतपा में आपको कौन से पड़े-पौधे लगाने चाहिए और इसके क्या लाभ है.

तुलसी - तुलसी का पौधा हर हिंदू घर पर जरूर होता है. मान्यता है कि जिस घर पर तुलसी का पौधा होता है और नियमित रूप से इसकी पूजा की जाती है, वहां मां लक्ष्मी का वास होता है. धार्मिक मान्यता है कि जीवनकाल में हर व्यक्ति को तुलसी का पौधा जरूर लगाना है. इससे मरणोपरांत बैकुंठ की प्राप्ति होती है. केला- केले के पौधा भगवान विष्णु और देव बृहस्पति को प्रिय है. इस समय आप केले का पौधा भी लगा सकते हैं.

इससे आर्थिक लाभ होगा. आंवला- मान्यता है कि आंवले के जड़ में भगवान विष्णु का निवास है. इसलिए आंवला भी जरूर लगाएं. इससे भगवान विष्णु के साथ ही लक्ष्मी जी की भी कृपा बरसती है. आम- आम का पेड़ लगाने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद मिलता है. साथ ही इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. करी पत्ता- इसे मीठा नीम भी कहा जाता है. इन दिनों करी पत्ते का पौधा भी लगाना शुभ माना जाता है. क्योंकि इसकी पत्तियों में औषधीय गुण पाए जाते हैं. अगर आप घर पर नीम का पौधा नहीं लगाते तो इसे जरूर लगाएं. पुराणों से लेकर स्मृतियों में भी वृक्षारोपण के पुण्यफल के बारे में बताया गया है. नौतपा के समय में पेड़-पौधे लगाकर इसकी सिंचाई भी करें. इस समय पेड़-पौधे लगाना इसलिए भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि नौतपा के बाद बारिश का मौसम शुरू हो जाता है और इससे पेड़-पौधों को अच्छी बारिश मिलती है, जिससे वे फलते-फूलते हैं. वहीं शास्त्रों में तो वृक्षारोपण को संतानोत्पत्ति के समान माना गया है. वृक्षारोपण का महत्व पुराणों के अनुसार मनु स्मृति में कहा गया है कि, पेड़-पौधे लगाने से यज्ञ करने जितना पुण्य मिलता है. पद्म पुराण में बताया गया है कि, यदि की दंपति को संतान नहीं है तो उन्हें पेड़ लगाना चाहिए. क्योंकि पेड़ भी संतान के समान होते हैं. वराह पुराण के मुताबिक, एक पीपल, एक नीम, एक बरगद, दो अनार, दो नारंगी, पांच आम और दस फूलों वाले पौधे लगाने से नरक से मुक्ति मिलती है. विष्णुधर्मोत्तर पुराण में बताया गया है कि, वृक्षारोपण से अश्वमेध यज्ञ की तरह की पुण्य फल मिलता है.

सूर्यास्त के बाद कर रहे हैं ये गलतियां, कर देगी कंगाल

ज्योतिष शास्त्र में ऐसी कई सारी बातें बताई गई हैं जिनका पालन करना बेहद जरूरी होता है क्योंकि इसका सीधा असर हमारी जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में आज हम सूर्यास्त के बाद क्या नहीं करनी चाहिए ? इसके बारे में जानेंगे।

हालांकि कई लोग इन गलतियों को अनदेखा करते हैं जिससे उन्हें काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ता है।

सनातन धर्म पूजा-पाठ और अपनी मान्यताओं के लिए जाना जाता है। वहीं, इसमें ऐसी कई सारी बातें बताई गई हैं, जिनका पालन करना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि इसका सीधा असर हमारी जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में आज हम सूर्यास्त के बाद क्या नहीं करनी चाहिए ? इसके बारे में जानेंगे। हालांकि कई लोग इन गलतियों को अनदेखा करते हैं, जिससे उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, तो आइए जानते हैं -

सूर्यास्त के दौरान न करें ये गलतियां

सूर्यास्त के बाद नाखून और बाल काटने से बचना चाहिए। ऐसा करने से कर्ज की समस्या बढ़ती है।

ऐसा कहा जाता है कि सूर्यास्त के बाद कपड़े नहीं धोना चाहिए। वास्तु के अनुसार, इससे नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही घर में बीमारियों का बसेरा होता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्यास्त के दौरान सोना अशुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है जो लोग ऐसा करते हैं उनके घर में कभी सुख-शांति नहीं टिकती है। साथ ही आर्थिक तंगी बनी रहती है।

सूर्यास्त के दौरान खाने-पीने से बचना चाहिए। ऐसा करने से घर में दरिद्रता आती है।

सूर्यास्त के बाद पैसों का लेन देन नहीं करना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि इस समय दिए गए पैसे कभी वापस नहीं मिलते हैं।

सूर्यास्त के बाद घर में भूलकर भी झाड़ू नहीं लगानी चाहिए। ऐसा करने से देवी लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं।

सूर्यास्त के बाद तुलसी में जल नहीं चढ़ाना चाहिए और न ही तुलसी के वृक्ष को छूना चाहिए।

सूर्यास्त की अवधि के दौरान दूध, हल्दी, दही, नमक और खट्टी चीजों का दान नहीं करना चाहिए।

नवतपा के पूर्व प्रचण्ड रूप से तप रहा सूरज

जिले में निर्मित हुए लू जैसे हालात..., तापमान का पारा चढ़ा... धीरे-धीरे और बढ़ेगी गर्मी

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरा जिला अभी भीषण गर्मी की चपेट में है। भीषण गर्मी से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। मई माह के मध्याहन में ऐसी गर्मी लग रही है कि लोग तेज धूप व भीषण गर्मी से त्राहि-त्राहि कर उठ रहे है। इसके चलते जिले में लू चलने जैसे हालात निर्मित हो गए है।

आलम यह है कि लोग दोपहर में घरों में दुबके रहना ज्यादा पसंद कर रहे है। तापमान में लगातार बढ़ोती का उपयोग किए जाने के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल पा रही। सुबह 9-10 बजे से ही तेज धूप निकल आने से गर्मी बढ़ने लगती है। दोपहर के समय तो सूरज की आग उगलती किरणों से बचने के लिए लोगों को किसी पेड़ या छज्जे का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से लोगों की परेशानिया बढ़ गई है।

25 से नवतपा

बता दे कि गर्मी का चरमोत्कर्ष रूप नवतपा 25 मई से लगने जा रहा है। जो 2 मई तक रहेगा। इसके बाद पांच दिनों का पंचक रहता है। यही भी किसी नवतपे के रौद्र रूप से कम नहीं होता। लिहाजा नवतप के पूर्व शहर सहित पूरे अंचल भर में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हाल-बेहाल होने लगे है। बताया जा रहा है कि अगले चार दिन हिट वेब का खतरा रहेगा। गर्म हवाओं के थपेड़े सहित लू जैसे हालात बन उठेंगे।

धीरे-धीरे और बढ़ेगी गर्मी

मौसम विज्ञानी श्री चन्द्रा ने बताया कि आने वाले दिनों में धीरे-धीरे गर्मी बढ़ेगी। वैसे तापमान का पारा राजनांदगांव जिले में 45 डिग्री के आसपास है। अगले दो-तीन दिनों में तापमान और बढ़ने का अनुमान है। बता दे कि उत्तरभारत में रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। राजस्थान से ज्यादा दिल्ली में तापमान 47.8 डिग्री सेन्टीग्रेड पर जा पहुंचा है। उससे तो अच्छा अभी राजनांदगांव जिले का तापमान है लेकिन नवतपा लगने के साथ इसमें भी बढ़ोतरी होगी।

श्री चन्द्रा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते सोमवार को रायपुर में बारिश हुई इससे तापमान में काफी हद तक संतुलन बना हुआ है। उत्तर-पश्चिम की ओर से आने वाली हवाओं को द्रोणिका ने रोक रखा है। इसके चलते गर्मी का माहौल बना हुआ है। तपते सूरज की गर्मी झुलसा रही है। बढ़ती गर्मी से स्वास्थ्य सम्बंधी सतर्कता व जागरूकता बेहद जरूरी है। नहीं तो बीमार होते देर नहीं लग रही। लोग भीषण गर्मी के चलते सर्दी खासी चक्कर आना, वायरल फीवर व उल्टी-दस्त के शिकार हो रहे है। पीलिया व डायरिया जैसे संक्रामक रोग पैर फैलाने लगे है। डाक्टरों ने इससे बचने के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

खड़े ट्रक से एक के बाद एक टकराई पुलिस की तीन गाड़ियां, आरक्षक की मौत, एएसआई सहित अन्य घायल

कवर्धा। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है। हाईवे में ख ? ट्रक से एक के बाद तीन वाहन जा टकराई। इस हादसे में एक आरक्षक की मौके पर मौत हो गई। वहीं चार गंभीर रूप से घायल है, जिनका उपचार किया जा रहा है। घटना कवर्धा-जबलपुर नेशनल हाईवे स्थित ग्राम सिंघनपुरी के पास हुई है।

खड़े ट्रक से पुलिस की 3 गाड़ियां भिड़ गई। वहीं हाईवे किनारे ट्रक को खड़ा करने वाला वाहन चालक को पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया है। वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रहीं है। जानकारी अनुसार तीनों हादसे रात 12 से 1 बजे के बीच हुए हैं। हादसे में बाइक सवार पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतराम धुर्वे (32) की मौत हुई है।

प्रत्यक्षदर्शीयों से मिली जानकारी अनुसार घटना के समय जवान ने हेलमेट पहना हुआ था। वहीं पेट्रोलिंग गाड़ी स्कॉर्पियो पर सवार सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ एएसआई कौशल साहू, विजय कश्यप घायल हुए हैं। वहीं मदद के लिए पहुंची डायल 112 का ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल है। रात के समय थाना में जानकारी मिलने के बाद घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां अस्पताल पहुंचे से पहले ही आरक्षक नेतराम धुर्वे की मौत हो गई थी। सोमवार को शव का पीएम बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद पुलिस द्वारा जांच की जाएगी।

इस तरह हुआ एक के बाद तीन हादसे

पांडातराई में पदस्थ आरक्षक नेतराम धुर्वे रात 12 बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक से कवर्धा जा रहे थे। इसी दौरान सिंघनपुरी गांव से 200 मीटर पहले कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चकनाचूर हो गई।

आरक्षक नेतराम ने मौके पर दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस की टीम एएसआई कौशल साहू और विजय कश्यप पेट्रोलिंग गाड़ी से पहुंचे, लेकिन अंधेरा और तेज बारिश के चलते पेट्रोलिंग वाहन भी उसी ट्रक के पीछे जाकर घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। एएसआई और विजय कश्यप जख्मी हो गए।

पुलिस वैन को दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर

इस दौरान डबल हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस इमेरजेंसी सेवा डायल 112 की टीम मदद के लिए मौके पर जैसे ही पहुंची, वैसे ही एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से आकर पुलिस वैन को टक्कर मार दी। इसमें पुलिस वैन दूसरे ट्रक से भी टकरा गई।

पुलिस वैन पर सवार एक पुलिस आरक्षक और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद एम्बुलेंस की मदद से सभी घायल पुलिसकर्मियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि एक पुलिसकर्मी की जान गई है, वहीं 4 लोग घायल हैं। ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। इसके अलावा ट्रक भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक ही जगह हादसे में मचा हड़कंप

जिस जगह पर हादसा हुआ है, वहां पर कोई मोड़ भी नहीं है। ट्रक कवर्धा की ओर आ रहा था। लेकिन, हाईवे सड़क किनारे खड़ा किया गया था। यहीं प्रमुख कारण था कि सीधे वाहन इसके पीछे में जा घुसे। एक के बाद एक तीन हादसे इसी जगह पर हुए है। ऐसे में रात के समय हड़कंप मच गया। आरक्षक सीधे ट्रक के पीछे हिस्से में जा टकराया। सुबह मौके पर पुलिस के अधिकारी भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

शहर में नो पार्किंग, तीन सवारी पर यातायात विभाग द्वारा 72 वाहन चालकों पर कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। शहर में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ छेड़े गए पुलिसिया अभियान के तहत 20 मई सोमवार को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाईन, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर, जलाराम स्वीट्स के सामने नो पार्किंग में खड़े वाहनों एवं दुपहिया वाहनों में तीन सवारी पर कुल 72 वाहनों पर चालानी कार्यवाही किया गया जिसके चलते 21600 रूपये जुर्माना वसूला गया।

बताया जा रहा है कि यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने की आम जन से अपील की है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें और यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।

मनरेगा मजदूरों की कटी मजदूरी, जिपं सीईओ ने कहा जितना काम उतना दिया जा रहा दाम

बालोद (दावा)। इन दिनों ग्राम पंचायतों की मांग पर मनरेगा का काम चल रहा है। कुछ दिनों से मजदूरों की शिकायत आ रही है कि उनके खाते में मजदूरी कट कर आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक मनरेगा मजदूरों की मजदूरी काटी नहीं जा रही है बल्कि मनरेगा मजदूर जितना काम कर रहे हैं, उतना दाम दिया जा रहा है।

बालोद जिले में इन दिनों ग्राम पंचायतों की मांग पर मनरेगा का काम चल रहा है। कुछ दिनों से मजदूरों की शिकायत आ रही है कि उनके खाते में मजदूरी कट कर आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक मनरेगा मजदूरों की मजदूरी काटी नहीं जा रही है बल्कि मनरेगा मजदूर जितना काम कर रहे हैं, उतना दाम दिया जा रहा है।

जितना काम उतना दाम, रोजगार गारंटी इसी का नाम

मनरेगा के तहत पहले ही नारा लिखा गया है, जितना काम उतना दाम और उसके तहत जो सही तरीके से काम कर रहा है, उसे सही दाम मिल रहा है। जो काम में लापरवाही कर रहे हैं, उन्हें कम दाम दिया जा रहा है।

कई गांव में 50 -60 प्रतिशत भी खुदाई नहीं

मनरेगा विभाग के मुताबिक जिले में कई ऐसे गांव हैं, जहां जब मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया गया तो माप के तहत 50-60 प्रतिशत भी खुदाई नहीं की गई। सही माप पर खुदाई कराने की बात जब कही गई तो मजदूरों व मनरेगा टीम के भी वाद विवाद की स्थिति निर्मित हुई।

'90 दिनों में दें नियुक्ति', एसआई और प्लाटून कमांडर की भर्ती पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में एसआई-प्लाटून कमांडर भर्ती पर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मेरिट सूची में शामिल एसआई के उम्मीदवारों को 90 दिन में नियुक्ति देने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही प्लाटून कमांडर के 370 महिला अभ्यर्थियों को हटाकर 370 पुरुष अभ्यर्थियों को लेने के आदेश दिया है। कोर्ट ने 45 दिन के अंदर पूरी प्रक्रिया करने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने अभ्यर्थियों के फिजिकल टेस्ट लेकर मेरिट के आधार पर भर्ती सूची जारी करने कहा है। बिलासपुर हाईकोर्ट में जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बता दें, प्रदेश में एसआई और प्लाटून कमांडर के करीब 975 खाली पदों पर भर्ती के लिए पुलिस मुख्यालय ने साल 2021 में वैकेंसी निकाली थी। भर्ती की जिम्मेदारी व्यावसायिक परीक्षा मंडल को दी गई। 17 सितंबर, 2021 को आवेदन जमा करने के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

बाद में निरस्त की गई थी भर्ती

पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर समेत अन्य पदों पर भर्ती के लिए व्यापमं ने प्रक्रिया शुरू की थी। जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया। इस वजह से अभ्यर्थियों में आक्रोश भड़क गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया था। राज्य सरकार ने 2021 में भर्ती प्रक्रिया शुरू की लेकिन वह भी अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

एग्जाम के बाद जारी की गई थी मेरिट लिस्टभर्ती के लिए प्रारंभिक एग्जाम लिया गया और मेरिट सूची जारी की गई। व्यापमं ने मुख्य परीक्षा के पहले ही आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए कैटेगरी वाइज सूची जारी कर दी। जिसके कारण जनरल कैटेगरी के बहुत से उम्मीदवारों का नाम सूची में नहीं आ सका। व्यावसयिक परीक्षा मंडल की ओर से जारी सूची को चुनौती देते हुए जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों ने वकील के जरिए हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर की थी।

आवश्यकता है
श्री राधाकृष्ण गौधाम (गौशाला) ग्राम बांकल स्टेशन खपरी रोड में कृषि एवं गौ सेवा कार्य हेतु एक परिवार की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन रहने की सुविधा सहित।
संपर्क
7770911055

कबीरधाम : साय सरकार सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मृतक ग्रामीणों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। छत्तीसगढ़ सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख और हादसे में घायल हुए लोगों को 50 हजार की सहायता राशि देगी।

इस संबंध में सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा कि कबीरधाम जिले में हुए सड़क हादसे में मृतकों की संख्या 19 हो गई हैं। 3 लोग घायल हैं। दुःख की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ शासन पीड़ित परिवारजनों के साथ पूरी तरह खड़ा है। हमनें मृतकों के परिजनों को 5 लाख और इस हादसे में घायल हुए लोगों को 50 हज़ार की सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। यह राशि प्रशासन की ओर उपलब्ध करायी गयी सहायता एवं बीमा आदि से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त है। प्रशासन को यह भी निर्देश दिया गया है कि सड़क सुरक्षा के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरती जाये। ऐसे हादसे रोकने के हरसंभव उपाय होने चाहिये।

गंदे पानी की शिकायतों पर पूर्व सांसद व नेता प्रतिपक्ष की वार्डों में दस्तक

मृतक जागेश्वर के परिजनों से मिले, हादसे पर दुःख व्यक्त किया

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने रविवार को शहर के वार्ड नं. 06 शांति नगर और वार्ड नं. 04 शिव नगर में गंदे पानी और कम आपूर्ति की शिकायतों पर वार्डवासियों से मुलाकात की। इन वार्डों में पिछले कुछ दिनों में पीलिया के मामले सामने आएं हैं। इन मामलों को देखते हुए वार्ड में पानी की आपूर्ति में सुधार और गंदे पानी के स्त्रोत को तत्काल ठीक किए जाने हेतु पूर्व सांसद व नेता प्रतिपक्ष ने निगम के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने तत्काल इस समस्या को दूर करने कार्रवाई किए जाने की बात कही।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि वार्डों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें सामने आई थी। हमने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्या को समझा और पूरी जानकारी ली। निगम के अधिकारियों से कहा गया है कि वे जल्द ही इस समस्या का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि, इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी बातें रखीं। कुछ और विषय भी सामने आएं हैं जिस पर काम किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने इस मामले में निगम में कांग्रेस की सत्ता को भी कोसा। उन्होंने कहा कि, कांग्रेसी महापौर हेमा देशमुख के साढ़े चार साल के कार्यकाल में अमृत मिशन योजना पर बट्टा लग गया। सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। मौजूदा महापौर के कार्यकाल में अमृत मिशन के काम में ढेरों खामियां सामने आई हैं। आलम यह है कि, अब भी कई जगहों पर टैंकर भेजने की नौबत है। उन्होंने कहा कि, अब तक की सबसे असफल महापौर हेमा देशमुख ने शहरवासियों को अपने कार्यकाल में सिर्फ परेशानियां ही परोसी हैं। उनके खोखले दावे आए दिन सामने आ जाते हैं। इस दौरान श्यामा सुखदेवे, सुनील साहू, ललित कश्यप, खुमान वर्मा, प्रभु साहू, नरेश बारापात्रे, देवा निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।

मृतक के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की

बीते दिनों शांतिनगर निवासी जागेश्वर साहू की निर्माण कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। रविवार को पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु व अन्य ने मृतक के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की।

स्व. जागेश्वर की पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है। उनके 11 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटा है जिनकी जिम्मेदारी अब उनकी बुजुर्ग दादी पर है। परिजनों से मुलाकात के दौरान हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद व नेता प्रतिपक्ष ने परिवार को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

अभिलाषा में संतोष कुमार बोदून पुनः अध्यक्ष, रुपम बनी सचिव

प्रदेश भर के दिव्यांगजनों को तन-मन एवं धन से सशक्त बनाना प्रथम प्राथमिकता

राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित अभिलाषा दिव्यांगजनों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान राजनांदगांव में प्रति तीन वर्षों में कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है, जिसके तहत कुछ पदाधिकारी नए मनोनित हुए कुछ यथावत पद पर बने रहे। संस्था में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 16 मई 2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे संस्था परिसर में करते हुए समस्त पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध किया गया।

उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 1995 से संचालित संस्था अभिलाषा जहां से अपनी शिक्षा दीक्षा पूर्ण कर चूके बहुतायत बच्चे शासकीय सेवा में अपनी कदम रख चूके हैं तो वहीं दूसरी ओर बहुतायत बच्चे रोजगार से जुड कर अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का जीवकोपार्जन बहुत ही अच्छे से कर पा रहे हैं।

गत् दिनों अभिलाषा में नवीन प्रबंध कारिणी समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से गौतम पारख को संरक्षक एवं संतोष कुमार बोदून को अध्यक्ष पद का दायित्व सौपा गया। इसी कड़ी समाजसेवी श्रीमती गीता राठौर को उपाध्यक्ष, नगर की होनहार समाजसेवी एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट श्रीमती रूपम सोनछत्रा को सचिव, नीरज बाजपेयी को कोषाध्यक्ष, आलोक बिंदल एवं राजेश अग्रवाल को संयुक्त सचिव एवं संतोष खण्डेलवाल एवं सुदामा मोटलानी को वरिष्ठ सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों नें कहा कि जिला पड़ोसी नवीन जिला सहित अपने प्रदेश के दिव्यांगजनों को तन-मन एवं धन से सशक्त बनाना, उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में कार्य करना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। बैठक में डॉ. हेमलता मोहबे, अशोक कोटड़िया प्रकाश सांखला, श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्रीमती संध्या खण्डेलवाल, अशोक श्रीवास्तव, संजय जैन श्रीमाल सहित सदस्य एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने दी।

आवश्यकता है
मार्केटिंग कार्य हेतु युवक-युवतियों व रात्रिकालीन चौकीदार आवश्यकता है।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, मो. 9300414726

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ जल स्रोत खोज विशेषज्ञ (पिछले 5 वर्षों से)
प्रो. सौरभ साहू (दद्दू) - 7987256455, 9407608684
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच

राजनांदगांव की सबसे पुरानी ट्रेवल्स में कीया कैरेंस(7सीटर) क्रेटा, वेन्यू, एक्सेंट, होंडा अमेज, WRV, बलेनो, रिट्स ये सभी कारें उचित किराए पर कुशल चालकों सहित उपलब्ध है।
-: बग्गा ट्रेवल्स :-
सम्पर्क : 9300836360, 9479016360,7898457240

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्पेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com